हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून, 2025
भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर



## खबर संक्षेप



### बीएसपी प्रबंधन ने दी भावभीनी विदाई

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र की सेवा से मई माह में 124 कर्मचारी सेवानिवृत्त हुए, जिसमें खदान बिरादरी के सदस्यों सहित 21 कार्यपालक व 103 गैर-कार्यपालक शामिल हैं। इस्पात भवन निदेशक प्रभारी सभागार में हुए कार्यक्रम में सेववानिवृत्तों को भावभीनी विदायी दी गई। कार्यपालक निदेशक एस मुखोपाध्याय तथा पवन कुमार ने कार्यपालकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान कर उनके स्वस्थ और सुखद भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। कार्यपालक निदेशकों ने बीएसपी स्टील परिवार के एके जोशी व सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों को विदाई दी । भिलाई निवास में भी कार्यक्रम में सीजीएम राजीव पाण्डेय, संदीप माथुर व डीजीएम राजेंद्र प्रसाद ने कार्मिकों को सेवानिवृत्ति आदेश प्रदान किया।

# सेल का उत्पादन, बिक्री व मुनाफा बढ़ने के बाद भी कर्मियों के साथ कम नहीं हो रहा भेदभाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

- नहीं मिल रहा एरियर्स
- बीएकेएस ने वित्त वर्ष में लाभ के अनुरूप की न्याय की मांग

सेल ( स्टील अथारिटी आफ इंडिया लिमिटेड) के वित्तीय वर्ष में उत्पादन और मनाफे की उपलब्धी के साथ ही यूनियनों ने फिर से एक बार कर्मचारियों के हितों के लिए आवाज बुलंद करना शुरु कर दिया है। बीएसपी अनाधिशासी कर्मचारी संघ ने सेल के वित्त वर्ष 2024-25 के वित्तीय लाभदायी परिणाम को देखते हुए बीएसपी सहित सेल कर्मचारियों के लंबित मांगों के जल्द निदान की मांग की है। यूनियन के मुताबिक कर्मचारियों की मेहनत के बल पर सेल पिछले कई वर्षो से रिकॉर्ड पर रिकॉर्ड बना रही है ।इनकी मेहनत का ही परिणाम है कि कंपनी का प्रत्येक सेक्टर में प्रदर्शन उतकृष्ट होता जा रहा है । सेल द्वारा जारी वित्त वर्ष में जारी आंकड़ों के मुताबिक उत्पादन, बिक्री और रिकार्ड मुनाफा हुआ है। इसके बाद भी हजारों कर्मचारियों की कमर तोड़ी जा रही है। बोर्ड सदस्य और सेल अधिकारियों की सुविधाएं लगातार जारी हैं लेकिन कर्मियों का वेतन समझौता अब तक अपूर्ण है और 99 महीने के एरियर्स अब तक भुगतान नहीं किया गया है।



### वित्त वर्ष में रिकार्ड प्रदर्शन उत्पादन

| | |
|---|---|
| आयरन ओर माईनिंग - | 33.784 मिलियन टन |
| हॉट मेटल - | 20.306 मिलियन टन |
| क्रूड स्टील - | 19.174 मिलियन टन |
| सैलेबल स्टील - | 17.94 मिलियन टन |
| टर्नओवर - | 101716 करोड़ रुपया |
| एबिटा - | 11764 करोड़ |
| पीबीटी - | 6114 करोड़ रुपया |

अन्य सुविधाओं में भी भेदभाव किया जा रहा है। बीएकेएस के नवीन मिश्रा ने कहा कि कंपनी हर क्षेत्र में अच्छा प्रदर्शन कर रही है, अफसरों को सभी सुविधाएं मिल रही हैं लेकिन कर्मियों के साथ भेदभाव किया जा रहा है। कंपनी के लाभ को देखते हुए लंबित मांगों को जल्द पूर्ण किया जाए।

# बीएसपी ने 32 बंगला से आवास खाली कराया



- प्रवर्तन अनुभाग की बेदखली कार्रवाई

**भिलाई।** बीएसपी के प्रवर्तन अनुभाग द्वारा शनिवार को 32 बंगला, सेक्टर-8 में बीएसपी आवासीय क्वार्टर 0010, स्ट्रीट एसटीए को अवैध कब्जाधारियों से खाली कराया। कार्रवाई संपदा न्यायालय द्वारा एसीबी माइनिंग प्राइवेट लि. के विरुद्ध पारित आदेश के आधार पर की गई। कार्रवाई के दौरान कार्यपालक मजिस्ट्रेट नरसिंह साहू सहित कोतवाली पुलिस व विभागीय कर्मी उपस्थित थे। बेदखली बाद आवास को सील कर दिया गया । इस कार्रवाई के दौरान बेदखली टीम में सहायक महाप्रबंधक यशवंत कुमार साहू, तथा लोक स्वास्थ्य विभाग, सिविल इंजीनियरिंग विभाग आदि के कर्मी शामिल थे।

# सेना के पराक्रम को राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए भुनाना चाहती है केन्द्र सरकारः श्वेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



प्रदेश महिला कांग्रेस महासचिव श्वेता मिश्रा ने कहा की 22 अप्रैल को हुए पहलगाम के आतंकी हमला के बाद भारतीय सेना ने 7 मई को पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह कर दिया। ऑपरेशन के 5 नाम केंद्र सरकार को सुझाए गए। आखिरकार दो नाम ऑपरेशन मंगल सूत्र या ऑपरेशन सिंदुर चुने गए। हमले में कई महिलाओं के सुहाग मिटा दिए गए। इसलिए पीएम ने ऑपरेशन सिंदुर पर मंजूरी दी। ऑपरेशन सिंदुर के प्रथम चरण को पूर्ण करने के बाद। सेना के मनोबल को बढाने की जगह सीजफायर की घोषणा तथाकथित मित्र देश या पाकिस्तान के मित्र अमेरिका की मध्यस्थता के बाद कर दी गई। श्वेता मिश्रा ने कहा कि केन्द्र की मोदी सरकार सेना के पराक्रम को अपने राजनीतिक स्वार्थ की पूर्ति के लिए भुनाना चाहती है। श्वेता का आरोप है कि मोदी सरकार ने यह घोषणा की है कि 9 जून से एक माह तक देश के हर घर में सिंदूर की डिबिया। मोदी सरकार पहुचाएगी। घोषणा के बाद से देश की महिलाओं में भारी आक्रोश है। सनातन को आड़ बना कर भाजपा सत्ता में आई। आज उसी सनातन धर्म में वैवाहिक महिलाओं को सिंदूर बांट कर उनके अधिकारों का तिरस्कार किया जा रहा है। महिलाओं को सिंदूर देने का अधिकार सिर्फ उनके पति को है। शास्त्रों की परंपरा के अनुसार माँ दुर्गा को भी सिंदूर खेला नामक पूजा पद्धति है।







हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार 1 जून, 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]

SHRI SHANKARACHARYA PROFESSIONAL UNIVERSITY, BHILAI, CHHATTISGARH
(Established under Chhattisgarh Private Universities (Establishment and Operation) Act,2005 & Under Section 2(f) of UGC Act 1956)

ADMISSIONS OPEN 2025-26
EXCELLENT Results & Placements

TOLL FREE NO. 1800-547-1065

STATE OF THE ART INFRASTRUCTURE
• Well Furnished & Safe Hostel Facility
• Free Wifi
• Library
• Canteen
• Swimming Pool
• Badminton Court
• Basketball Court
• Recording Room
• Music Room
• Gym
• Auditorium

COURSES OFFERED

(BCI Approved)
PROGRAMS OFFERED
B.A. LL.B.
5 Year Integrated Program
B.COM. LL.B.
5 Year Integrated Program
LL.B.
3 Year Graduate Program

BCA, BBA, B.COM, B.TECH, B.Sc, B.PHARM, D.PHARM, B.A., B.Lib I Sc.

ART'S & HUMANITIES, COMMERCE, MANAGEMENT, PHARMACY, PHYSICAL EDUCATION, ENGINEERING, LIBRARY Sc., Ph.D, JOURNALISM & MASS COMMUNICATION, SCIENCE

MCA, MBA, M.COM, M.TECH, M.Sc, M.PHARM, M.Lib I Sc.

www.shrishankaracharyauniversity.com
7974961711(LAW)
0788-4088810, 6232010132, 6232010130, 6232010131, 9425468386(Pharmacy)
Opp. Shri Shankaracharya Institute of Medical Sciences, Junwani, Bhilai, Chhattisgarh, 490020

एक एहसास अपनेपन का...
स्पर्श
मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल
राम नगर, सुपेला, भिलाई

24x7 EMERGENCY SERVICES

11 वर्षों में लगभग 3 लाख + मरीजों का सफल इलाज

खुशखबरी

कोल इण्डिया के वर्तमान एवं रिटायर्ड कर्मचारियों के साथ ही उनके आश्रितों को कैशलेस इलाज की सुविधा अब स्पर्श मल्टीस्पेशिलिटी हॉस्पिटल भिलाई में

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (SECL) • सेंट्रल कोलफील्ड लिमिटेड (CCL) • भारत कोकिंग कोल लिमिटेड (BCCL)
ईस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (ECL) • महानदी कोलफील्ड लिमिटेड (MCL) • नॉर्दर्न कोलफील्ड लिमिटेड (NCL)
वेस्टर्न कोलफील्ड लिमिटेड (WCL) • सेंट्रल माइन प्लानिंग एंड डिजाइन इंस्टीट्यूट लिमिटेड (CMPDIL)

अधिक जानकारी हेतु संपर्क करें : 72250 59701

- हृदय रोग विभाग
- गैस्ट्रोएंट्रोलॉजी विभाग
- न्यूरो साइंस विभाग
- प्लास्टिक एवं कॉस्मेटिक सर्जरी विभाग
- लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी विभाग
- हड्डी रोग एवं रोबोटिक जोड़ प्रत्यारोपण विभाग
- निश्चेतना एवं गहन चिकित्सा विभाग
- मेडिसिन एवं श्वास रोग विभाग
- मूत्र एवं गुर्दा रोग विभाग
- कैंसर रोग विभाग
- प्रसूति एवं स्त्री रोग विभाग
- शिशु एवं बाल्य रोग विभाग
- नेत्र रोग, त्वचा रोग एवं नाक-कान-गला रोग विभाग
- फिजियोथैरेपी विभाग
- दंत चिकित्सा विभाग
- रेडियोलाजी, पैथोलाजी, माइक्रोबॉयोलाजी विभाग

MD India , Health Insurance TPA , NMDC, NTPC, Railway,CSPDCL, NSPCL एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों , कॉरपोरेट संस्थाओं, शासकीय योजनाओं से मान्यता प्राप्त

www.sparshbhilai.com info@sparshbhilai.com 0788 4252222, 77730 10941

Deepak Advts.

हृदय रोग एवं क्रिटिकल केयर टीम

मेडिकल इमरजेंसी एवं क्रिटिकल केयर में हमेशा आपके साथ अत्याधुनिक मशीनों द्वारा सम्पूर्ण इलाज

डॉ. आकाश बख्शी
MBBS, DNB
( CARDIOLOGY )

हर महीने के प्रथम गुरुवार समय: - दोप. 12:00 बजे से 2:00 तक कार्डियोलॉजिस्ट की मुफ्त सलाह

ECG रिपोर्ट भेजें और जानिए अपने दिल की सेहत का हाल - निःशुल्क /7440711113

ट्रॉमा यूनिट & क्रिटिकल केयर विभाग
- डॉ. दीपक कोठारी — Plastic and Maxillofacial surgeon
- डॉ. कुलदीप सिंह — M.S, M.ch (Neuro)
- डॉ. अनुराग चंद्राकर — MBBS, M.S (Ortho) FIJR
- डॉ.खालिद बेग — MBBS, DNB (ANESTHESIOLOGY)

यूरोलॉजी एवं नेफ्रोलॉजी विभाग
- डॉ. नवीन राम दारूका — M.ch (UROLOGY) BHU Consultant Urologist
- डॉ. आर.के. साहू — MD (MEDICINE) New Delhi DM (NEPHROLOGY)
- डॉ. एस.के. सेठी — MD ( MEDICINE) Consulting Physician in Gen. Medicine & Nephrology
- डॉ. गौतम बंगा — M.Ch (Urology) Urologist, Andrologist

मेडिसिन विभाग
- डॉ. राजेश सिंघल — MD.DNB CCEBDM, ACMDC(Diabetes) (INTERNAL MEDICINE)
- डॉ. विशाल अग्रवाल — MBBS, DNB GENERAL MEDICINE

गैस्ट्रोएंटेरोलॉजिस्ट / लेप्रोस्कोपिक विभाग
- डॉ. जीवनलाल घीदले — MD (Med.) DM GASTRO (PGI Chandigarh)

कान, नाक एवं गला विशेषज्ञ
- डॉ. नमन पिंचा — MBBS, M.S (ENT)

कैंसर रोग विशेषज्ञ
- डॉ. अनुशील वासनिक — MBBS DHM, MD (ONCOLOGY )

IVF एवं स्त्री रोग विशेषज्ञ
- डॉ. रैनी अग्रवाल — MD (Gold Medalist), DNB PDFRM (Apollo Chennai), IAVA MNAMS, FMAS, IASRM

मनोरोग एवं सेक्स रोग विशेषज्ञ
- डॉ. प्रशांत अग्रवाल — MBBS, MD ( PsychoSexologist )

97554 21861 , 0788-2990458
आरोग्यम् सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल
NH53, डी-मार्ट के पास, बाईपास रोड, कादंबरी नगर दुर्ग , छत्तीसगढ़

HERITAGE INTERNATIONAL PUBLIC SCHOOL
CBSE Aff No: 3330198

Meritorious Scholarship

| Class X CBSE Best of 5 Percentage | Waiver** |
|---|---|
| Above 95.1% | 100% |
| 90.1% to 95% | 75% |
| 85.1% to 90% | 50% |
| 80.1% to 85% | 25% |
| 75.1% to 80% | 20% |

**in tuition fees t&c apply

ADMISSION OPEN FOR CLASS XI
SCIENCE COMMERCE HUMANITIES

Congratulations
CBSE-2025 School Toppers

- Tamanna Pahuja (XII) 97%
- Nihal Singh Rajput (X) 95%
- Ankita Dewangan (X) 93%
- Kavyansh Ramteke (X) 92%
- Navya Singh Panwar (X) 92%
- Sanjhi Jain (XII) 91%
- Mithlesh Sahu (XII) 90%

+91 7566660470/75
heritage.schools@yahoo.com
www.heritageschools.org
NH6, Durg Bypass, Chhattisgarh 490020

लाइव इवेंट

## साइंस कॉलेज दुर्ग के 14 सहायक प्राध्यापक पदोन्नत होकर बने प्राध्यापक



**दुर्ग।** साइंस कॉलेज में विभिन्न विषयों के 14 सहायक प्राध्यापक पदोन्नत होकर प्राध्यापक बनाए गए हैं। उच्चशिक्षा विभाग के अवर सचिव राकेश कुमार ध्रुव द्वारा हस्ताक्षरित आदेश जारी हो गया है। इसमें कुल 302 सहायक प्राध्यापकों की पदोन्नति हुई है, जिसमें दुर्ग जिले से 42 सहायक प्राध्यापक पदोन्नति के बाद प्राध्यापक बनाए गए हैं। इन 42 सहायक प्राध्यापकों में से साइंस कालेज के 14 सहायक प्राध्यापकों को पदोन्नति का लाभ मिला है। पदोन्नत होने वाले सहायक प्राध्यापकों में भूगर्भशास्त्र के डॉ. एसडी देशमुख, डॉ. प्रशांत कुमार श्रीवास्तव, वनस्पति शास्त्र की डॉ. प्रज्ञा कुलकर्णी, इतिहास विभाग के डॉ. अनिल कुमार पाण्डेय तथा डॉ. कुमार राकेश रंजन सिंह, गणित विभाग के डॉ. राकेश तिवारी एवं डॉ. प्राची सिंह, रसायन शास्त्र की डॉ. सुनीता मैथ्यू तथा डॉ. अनुपमा कश्यप प्राणीशास्त्र की डॉ. दिव्या कुमुदिनी मिंज, मानव विज्ञान की डॉ. संध्या अग्रवाल, अंग्रेजी विभाग की डॉ. मर्सी जॉर्ज, राजनीति शास्त्र के डॉ. शकील हुसैन अर्थशास्त्र विभाग की डॉ. के. पद्मावती शामिल है। प्राचार्य डॉ. अजय कुमार सिंह ने समस्त पदोन्नत प्राध्यापकों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की है। उल्लेखनीय है, कि ये सभी सहायक प्राध्यापक लगभग 30 वर्ष से अधिक की शासकीय सेवा पूर्ण कर चुके है तथा लगभग सभी मध्य प्रदेश, लोक सेवा आयोग द्वारा पूर्व में सहायक प्राध्यापक के पद पर चयनित हुए थे।

सिटी इवेंट

## दुर्ग में बनेगा महाराणा प्रताप चौक महापौर अल्का बाघमार ने की घोषणा



**भिलाई।** प्रदेश स्तरीय महाराणा प्रताप जयंती समारोह का आयोजन शंकर नगर स्थित महाराणा प्रताप भवन में किया गया। आयोजित कार्यक्रम में महापौर अल्का बाघमार प्रमुख रूप से शामिल हुईं। उन्होंने कहा कि शहर में महान महाराणा प्रताप की प्रतिमा स्थापित की जाएगी। राजपूत क्षत्रिय महासभा रहटादाह के तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में बीजेपी के अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, विधायक ललित चंद्राकर, शेखर चंद्राकर, समाज के अध्यक्ष बजरंग सिंह बैस, नरेंद्र सिंह राजपूत, पंकज सिंह भुवाल, नीरज सिंह क्षत्रिय सहित अन्य मौजूद थे। अतिथियों का तलवार, साफा, शाल, श्रीफल एवं मोमेंटो भेंटकर सम्मान किया गया। ललित चंद्राकर ने महाराणा प्रताप के शौर्य-पराक्रम, स्वाभिमानी एवं अधीनता स्वीकार न करते हुए महलों को छोड़कर पहाड़ों में रहकर अपनी मातृभूमि के लिए लड़ते रहने की बात कही। अलका बाघमार ने महाराणा प्रताप की जीवनी घास की रोटी खाने तथा उनके भाले एवं कवच के वजन तथा उनके घोड़े चेतक की बहादुरी पर वर्णन करते हुए उनके बताएं मार्ग पर चलकर समाज एवं अपने देश के विकास के लिए अपना योगदान देने की जानकारी दी। बजरंग सिंह ने कहा कि महाराणा ने अपने राज्य में प्रजा की रक्षा के लिए अपने स्वाभिमान के लिए लड़ते रहे जब पहाड़ों में रह रहे थे, तो उनकी मदद के लिए भील आदिवासी एवं भामाशाह ने लड़ने के लिए हथियार बनाकर एवं डेढ़ लाख सेना के लिए भोजन की व्यवस्था के लिए सहयोग दिया। इस अवसर पर अन्य कार्यक्रमों का भी आयोजन किया गया।

- महाराणा प्रताप की जयंती पर शंकरनगर सामाजिक भवन में आयोजन

सिटी इवेंट

## कराटे की ग्रेडिंग परीक्षा में स्टेमिना बेसिक और फुल कॉन्टेक्ट फाइट




**भिलाई।** सेक्टर 5 स्थित विजय ऑडिटोरियम में दुर्ग स्तरीय फुल कॉन्टेक्ट ग्रेडिंग परीक्षा का आयोजन किया गया। कारा कुजुबोकाई कॉन फुल कॉन्टेक्ट कराते के डायरेक्टर सेंसाई गिरी राव के मार्गदर्शन और सीनियर प्रशिक्षकों जेपी राजू, राम कुमार पांडे, गांधी सोनी, श्रवण साहू, सुभाष सोनी, मनोज नेताम, लक्ष्मी तिवारी व ब्लैक बेल्ट मोन प्रीत कौर लेहरी, अनुज दहाते, निहार रंजन त्रिपाठी, काजल बेहरा की उपस्थिति में यह परीक्षा हुई। इसमें स्टेमिना, बेसिक, काता, कुमिते, एटिकान्स, एवम् प्रमुख रूप से फुल कॉन्टेक्ट फाइट करवाया गया। सफ़ल छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र व बेल्ट वितरण किया गया। खिलाड़ियों के उत्साह वर्धन के लिए विधायक देवेंद्र यादव द्वारा नियुक्ति शिक्षा विभाग के परिनिधि अजय शिववारिकार, राजेश शर्मा, समाजसेवी मोहसिन उपस्थित थे। ब्राउन बेल्ट 2 शौर्य नाथ, स्वास्तिक पांडे, विहान चंद्राकर, ब्राउन बेल्ट 1, अविनाश साहू, ओजस चौहान, एन अर्जुन, अद्वितीय द्विवेदी, श्रेयश, वी. काव्यांश, ग्रीन बेल्ट 3 तान्या वर्मा, वीना देवांगन, जैनब फातिमा सिद्दीकी, दिव्यांश साहू, ग्रीन बेल्ट 1 श्रेया चौधरी, अविश मनराल, तिलक चंद्राकर, कामिनी साहू, भूमिका नेताम, अर्चना यादव, अरविंद नेताम, पल्लवी निषाद, निशिता भगत, अथर्व घीके, सोहम जोशी, एल सुजल, येलो बेल्ट 2 अंशिका रॉय, गीतांश निमजे, अनुष्का स्वर्णकार, अयान नायर, लक्ष्य साहू, हिमाक्ष साहू, योगांश साहू, खोमेंद्र नायक, अनुराग गंधर्व, नीति मंडावी, शौर्य मंडावी आदि को प्रमाण पत्र मिले।

श्रुति पंचमी पर जैन समाज ने निकाली शोभायात्रा, बड़ी संख्या में महिलाएं हुईं शामिल

# एक हजार वर्ष पहले लिखे गए मां जिनवाणी ग्रंथ श्रुतिखंडागम को चांदी की पालकी में रखकर कराया गया नगर भ्रमण

**त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर-6 से शनिवार की सुबह श्रुति पंचमी पर शोभायात्रा निकाली गई। शोभायात्रा ने सेक्टर-6 से ग्लोब चौक होते हुए वापस मंदिर परिसर तक भ्रमण किया। इस दौरान मां जिनवाणी ग्रंथ श्रुतिखंडागम को चांदी की पालकी में रखकर नगर भ्रमण कराया गया। जगह-जगह ग्रंथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की गई। इससे पहले मंदिर में जिनेंद्र भगवान का मंगल अभिषेक किया गया। मां जिनवाणी को पालकी में विराजमान किया गया। शोभायात्रा में जैन समाज के लोग बड़ी संख्या में मौजूद थे। इस अवसर पर जैन संतों ने श्रुतिखंडागम ग्रंथ के बारे में जानकारी दी।**





**भिलाई।** संतों ने पहले ग्रंथ की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की। इसके बाद बताया कि श्रुति पंचमी के पावन अवसर पर करीब एक हजार वर्ष पूर्व श्रुतिखंडागम ग्रंथ की रचना हुई। आचार्य भूतवली महाराज ने इस ग्रंथ की रचना की। जैन समाज के सदस्यों ने बताया कि इस ग्रंथ में जैन समाज के मंत्रों को समाहित किया गया है।

श्रद्धा, संयम और आस्था का अनोखा संगम है। यह एक धार्मिक ग्रंथ नहीं बल्कि जैन संस्कृति के शाश्वत मूल्यों का पुरस्मरण और पुर्नप्रतिष्ठा है। त्रिवेणी जैन तीर्थ सेक्टर 6 में इस अवसर पर 1008 आदिनाथ भगवान और 1008 शांतिनाथ भगवान का मंगल अभिषेक किया गया। शांति धारा भक्तों ने किया। इस अवसर पर सैकड़ों महिलाएं शोभायात्रा में शामिल हुईं। त्रिवेणी जैन तीर्थ में भक्तों ने भक्ति-भाव से मंगल-मंगल भक्ति गान करते हुए अहिंसा परमो धर्म का जयकारा लगाया। णमोकार महामंत्र का जाप करते हुए पालकी को बारी-बारी से अपने कंधे में रखकर भक्तों ने शोभायात्रा निकाली। इस अवसर पर आज मां जिनवाणी की पूजन, वंदना भक्तों ने की। मंगल विधान मंडप में पूजा-अर्चना की।



### शाम के समय भजन-संध्या का आयोजन, महिलाओं की आरती

पारसनाथ दिगंबर जैन महासभा समिति द्वारा शाम के समय भजन संध्या का भी आयोजन किया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने भजन गाए। आरती उताई। णमोकार का मंत्रोच्चार किया। आयोजित कार्यक्रम में संरक्षक ज्ञानचंद बाकलीवाल, प्रवीण छाबड़ा, कमल जैन, मुकेश जैन, उपाध्यक्ष प्रदीप जैन बाकलीवाल, भारत जैन, सिंपी जैन, सोमेश बाकलीवाल, नरेंद्र जैन, वरुण जैन आदि उपस्थित थे। विधान मंडप में मंगलदीप की स्थापना की गई। प्रदीप जैन, सुरेंद्र जैन, सुनील जैन, प्रतीक नहर, गौरव जैन आदि भक्तों ने विधान मंडप में श्रीफल अर्पण करते हुए मां जिनवाणी की पूजन अर्चना की। इस अवसर पर महावीर प्रकाश जैन, डॉ. जितेंद्र जैन, दीपचंद जैन, अरविंद जैन, अशोक जैन आदि सदस्यों के साथ महिलाओं में नीना जैन, सुषमा जैन, ज्योत्सना जैन, स्वर्णालता जैन, अनीता जैन उपस्थित थे।

## नशामुक्ति अभियान में दान पेटी रखकर लोगों से नशा नहीं करने भरवाया संकल्प पत्र

**दुर्ग।** प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय राजऋषि केलाबाड़ी द्वारा नशा मुक्त भारत अभियान व विश्व तंबाखू निषेध दिवस पर अभियान चलाया गया। इस दौरान लोगों से नशा नहीं करने का संकल्प पत्र भरवाया गया।

स्टेशन परिसर में आध्यात्मिक चित्र प्रदर्शनी लगाई गई। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ स्टेशन अधीक्षक टी. जयपाल ने किया। इस अवसर पर जीआरपी प्रभारी राजेन्द्र सिंह, ब्रह्माकुमारी पूर्णिमा दीदी, रेणु, ऋषि वर्मा, गोकुल साहू मौजूद थे। इस अवसर पर रागिनी सिदार, मिथुन मंडल, घनश्याम साहू, सीताराम सिन्हा, अजय कुमन्यास जीएस अग्निहोत्री, कुलवंतिन साहू, महेश धुव, अमरनाथ शर्मा, संतलाल पर्ते, सीमा ठाकुर उपस्थित थे। इस प्रदर्शनी द्वारा तंबाखू और धूम्रपान से होने वाले दुष्परिणामों के




बारे में जानकारी दी गई। साथ ही बताया गया कि व्यसन का कारण क्या है। व्यसन से मुक्त होने के लिए माता-पिता की भूमिका क्या है ? पूर्णिमा बहन ने बताया कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत सम्पूर्ण भारत में व्यसन से होने वाले दुष्परिणामों व राजयोग द्वारा आंतरिक रूप से सशक्त बन इससे कैसे मुक्त हो इस पर व्याख्यान व कार्यशाला आयोजित किया जा रहा है। प्रदर्शनी सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लगाई गई।

## जिला अस्पताल में मोतियाबिंद के 1840 मरीजों को मिला इलाज



जिले में 13 हजार से ज्यादा का ऑपरेशन

**दुर्ग।** दुर्ग जिले में मोतियाबिंद ऑपरेशन के मामले में प्रदेश में बेहतर है। वर्ष 2024-25 में 13 हजार से ज्यादा ऑपरेशन हुए। इसमें 1840 मरीजों का दुर्ग जिला अस्पताल में इलाज हुआ।

33 नेत्र सहायक अधिकारियों के सहयोग से यह ऑपरेशन हुए। नोडल अधिकारी डॉ. संगीता भाटिया और डॉ. अल्पना अग्रवाल के मार्गदर्शन में सफल ऑपरेशन हुए। मेड़ेसरा में वरिष्ठ नेत्र सहायक वीएस राव ने बताया कि क्षेत्र में 271 मरीज मोतियाबिंद से पीड़ित थे। उनका सफल ऑपरेशन किया गया। वार्षिक बैठक में सर्वाधिक ऑपरेशन कराए जाने पर सार्वजनिक बैठक में उन्हें सम्मानित भी किया गया। बैठक में सीएमएचओ डॉ. मनोज दानी सहित अन्य मौजूद थे।

काम की खबर : 1 जून से होंगे बदलाव, एफडी का ब्याज रेट भी कम करने की तैयारी

# आज से नया नियम, क्रेडिट कार्ड से कोई भी बिल या ईएमआई का ऑटो-डेबिट फेल हुआ, तो बैंक 2% तक लगा सकता है जुर्माना

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** नए महीने की शुरुआत के साथ ही कई तरह के बदलाव भी होंगे। जून में फाइनेंशियल चीजों से जुड़े कई नियम बदलने वाले हैं। इसमें इनकम टैक्स से लेकर क्रेडिट कार्ड और म्यूचुअल फंड तक के नियम शामिल हैं। इन बदलावों का सीधा असर आम आदमी की जेब पर पड़ने वाला है. एक मामला तो सीधे रिजर्व बैंक से जुड़ा है। सेबी ने बदले म्यूचुअल फंड के नियम बाजार नियामक सेबी ने ओवरनाइट म्यूचुअल फंड योजनाओं के लिए नए कट-ऑफ समय पेश किए हैं, जिसका उद्देश्य ऑपरेशनल स्किल और फंड प्रबंधन में सुधार करना है। यह नया शेड्यूल एसईबीआई के निरंतर प्रयासों का हिस्सा है, जो म्यूचुअल फंड प्रक्रियाओं को ग्लोबल मानकों के अनुरूप बनाने की प्रक्रिया का हिस्सा है। म्यूचुअल फंड का नया नियम 1 जून से प्रभावी होगा। नए नियम के तहत अगर कोई आवेदन दोपहर 3 बजे तक प्राप्त होता है, तो उस पर पिछले दिन का नेट एसेट वैल्यू एनएवी लागू होगा। दोपहर 3 बजे के बाद प्राप्त आवेदनों के लिए अगले कार्य दिवस का एनएवी लागू होगा। इसके अलावा ऑनलाइन जमा किए गए आवेदनों के लिए जैसे ओवरनाइट फंड योजनाओं के लिए शाम 7 बजे की कट-ऑफ समय सीमा लागू होगी। जून का महीना आपके पैसों के लिए भी बहुत अहम है। नियम बदल रहे हैं, फायदे मिल सकते हैं और कुछ चीजें अगर अभी नहीं की, तो बाद में पछताना पड़ सकता है। 1 जून से क्रेडिट कार्ड से कोई भी बिल या ईएमआई का ऑटो-डेबिट फेल हुआ, तो बैंक 2% तक जुर्माना लगा सकते हैं। सिर्फ इतना ही नहीं - बिजली, पानी, गैस या पेट्रोल-डीजल जैसी सेवाओं का भुगतान अगर क्रेडिट कार्ड से करेंगे, तो अतिरिक्त चार्ज भी देना पड़ सकता है। बैंक रिवॉर्ड पॉइंट्स की शर्तों में भी बदलाव कर सकते हैं तो क्रेडिट कार्ड इस्तेमाल करने से पहले नियमों की जानकारी जरूर ले लें।

### पीएफ अकाउंट धारकों के लिए क्लेम लेना अब और भी आसान

ईपीएफओ यानी कर्मचारी भविष्य निधि संगठन जून में नया सिस्टम वर्जन 3.0 लॉन्च कर सकता है। इससे पीएफ का पैसा निकालना, क्लेम करना और जानकारी अपडेट करना पहले से कहीं ज़्यादा आसान हो जाएगा। साथ ही, संभावना है कि जून से एटीएम के ज़रिए भी पीएफ का पैसा निकाला जा सकेगा।

### आधार कार्ड में सुधार का सुनहरा मौका

अगर आपके आधार कार्ड में नाम, पता, जन्मतिथि या लिंग जैसी कोई जानकारी गलत है, तो 14 जून 2025 तक आप इन्हें फ्री में ऑनलाइन ठीक कर सकते हैं। इसके बाद हर बार बदलाव के लिए 50 देने होंगे और आधार केंद्र पर जाना पड़ेगा। सुधार के लिए माई आधार पोर्टल पर जाकर अपडेट कर सकते हैं।

### एफडी पर ब्याज दर घट सकती है

6 जून को **RBI** की मॉनेटरी पॉलिसी मीटिंग है। अगर **RBI** रेपो रेट कम करता है, तो बैंकों में फिड डिपॉजिट पर मिलने वाला ब्याज भी घट सकता है। अभी **FD** पर 6.5% से 7.5% तक ब्याज मिल रहा है अगर आप एफडी करवाने की सोच रहे हैं, तो जल्द फैसला लेना समझदारी हो सकता है।

#### सैलरी वालों के लिए जरूरी फॉर्म 16 मिलेगा 15 जून तक

अगर आप नौकरीपेशा हैं, तो इनकम टैक्स रिटर्न आटीआर भरने के लिए फॉर्म 16 का इंतजार करें। आपके नियोक्ता को 15 जून तक यह फॉर्म जारी करना अनिवार्य है।

### यूपीआई में नया नियम 30 जून से होगा लागू, पादर्शिता बढ़ेगी

नेशनल पेमेंट्स कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया ने निर्देश दिया है कि 30 जून से सभी यूपीआई एप्स को लेनदेन के दौरान प्राप्तकर्ता का सत्यापित नाम दिखाना होगा। यह नियम धोखाधड़ी और गलत भुगतान को रोकने के लिए लाया गया है, जिससे यूपीआई लेनदेन में पारदर्शिता बढ़ेगी। एक्सिस बैंक 20 जून से अपने रिवॉर्ड्स क्रेडिट कार्ड में बदलाव कर रहा है। इसमें नए रिवॉर्ड पॉइंट स्ट्रक्चर, कैशबैक दरों में बदलाव, लाउंज एक्सेस नियमों में संशोधन और योग्य खर्च की श्रेणियों में बदलाव शामिल हैं। कार्डधारकों को सलाह दी जाती है कि वे नए नियमों को ध्यान से पढ़ें। 10 जून से एचडीएफसी बैंक के टाटा न्यू इन्फिनिटी और टाटा न्यू प्लस क्रेडिट कार्डधारकों को कार्ड स्वाइप के जरिए लाउंज एक्सेस की सुविधा नहीं मिलेगी। अब यह सुविधा तिमाही खर्च के आधार पर वाउचर के जरिए मिलेगी। कार्डधारकों को अपने खर्च पर नजर रखनी होगी। 1 जून से कई बैंकों ने फिक्स्ड डिपॉजिट की ब्याज दरों में बदलाव किया है। आईसीआईसीआई बैंक ने कुछ अवधियों के लिए ब्याज दरों में 20 बेसिस पॉइंट तक की कटौती की है। अब वरिष्ठ नागरिकों को अधिकतम 7.35% ब्याज मिलेगा। बैंकों निवेशकों को सलाह दी गई है कि वे नई दरों की जांच करें और बेहतर रिटर्न के लिए छोटे वित्तीय बैंकों या एफडी लैडरिंग की रणनीति पर विचार करें।

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, रविवार, 1 जून 2025

[ भिलाई | दुर्ग | भिलाई-3 | कुम्हारी | जामुल | उतई | सेलूद | पाटन | अहिवारा | मुरमुंदा | धमधा | अण्डा | जामगांव - आर ]


तापमान
अधिकतम 35.5 डिग्री
न्यूनतम 24.4 डिग्री

17 नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान


17 परीक्षा के एक माह बाद भी नहीं मिली अंकसूची








Vagina Tightening
(सेक्स अंगों की कॉस्मेटिक सर्जरी)
by
फ्रेशनल लेजर द्वारा
Fat Injection
(महिलाएं व पुरूष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, जी.ई. रोड, चौबे कालोनी कलर्स माल के पास, पचपेढ़ी नाका, रायपुर (छ.ग.)
9827143060
Ajay Advt.


## खबर संक्षेप

### कल से विशाखापटनम एक्सप्रेस ट्रेन रहेगी रद्द

**भिलाई।** ईस्ट कोस्ट रेलवे में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य के कारण विशाखापटनम -रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर ट्रेन 2 जून को रद्द रहेगी। 2 जून को विशाखापट्टनम - दुर्ग - विशाखापट्टनम वंदे भारत रीशेड्यूल रहेगी। ईस्ट कोस्ट रेलवे के वाल्टेयर मंडल के रायगड़ा - विजयनगरम सेक्शन में ट्रैफिक कम पावर ब्लॉक कार्य के कारण कोचिंग ट्रेनों को रद्द करने का निर्णय लिया। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे से रद्द रहने वाली कोचिंग ट्रेनों में 58528 विशाखापत्तनम - रायपुर पैसेंजर, 58527 रायपुर-विशाखापत्तनम पैसेंजर को रद्द रहेगी।रीशेड्यूलिंग होने वाली ट्रेनों में 20830 विशाखापट्टनम- दुर्ग वंदे भारत एक्सप्रेस 2 जून को 4 घंटे रीशेड्यूल की गई है। 20829 दुर्ग विशाखापट्टनम वंदे भारत एक्सप्रेस को 4 घंटे 30 मिनट रीशेड्यूल की गई है।

### थाने में किराएदार के बारे में दें जानकारी

**भिलाई।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने दुर्ग, भिलाई, रिसाली, भिलाई-चरोदा, कुम्हारी, जामुल व निकटवर्ती नगरीय क्षेत्रों और ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों की सुरक्षा, शांति एवं जनहित को दृष्टिगत रखते हुए एडवाइजरी जारी की है। इसमें तत्कालिक तौर पर मकान मालिकों एवं प्रतिष्ठानों को किराये पर भवन देने, मकान लेने के पूर्व तथा पूर्व से ही किराएदार के रूप में रह रहे व्यक्तियों का पूर्ण विवरण निकटतम थाना प्रभारियों को देने कहा गया है। भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा 163 में प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है। कोई भी मकान मालिक उस समय तक अपना मकान या उसका कोई भाग किराये पर नहीं देंगे, जब तक किराएदार का पूर्ण विवरण संबंधित थाना प्रभारी को प्रस्तुत नहीं कर देंते। संबंधित थाना प्रभारी को जानकारी दिए।

युक्तियुक्तकरण : शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों के लिए प्रक्रिया की पूरी

# सेटअप से 600 शिक्षक ज्यादा, 352 स्कूल होंगे मर्ज, दूसरे जिले भेजे जाएंगे 200 यूडीटी

देवीलाल साहू ▶▶ भिलाई

जिला प्रशासन और जिला शिक्षा विभाग ने सरकारी स्कूलों में युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया पूरी कर ली है। जिले के 352 स्कूल मर्ज होंगे।

वहीं यहां 600 शिक्षक ऐसे हैं जो अतिशेष हो गए हैं। यानी इतने शिक्षक ज्यादा हैं। इन शिक्षकों का युक्तियुक्तकरण किया जाएगा। खास बात यह है कि सबसे ज्यादा दिक्कत उन मिडिल स्कूलों के उच्च वर्ग शिक्षकों को आने वाली है। ऐसे 200 उच्च वर्ग शिक्षकों को अपने जिले से बाहर जाना पड़ेगा।

एक ही परिसर के स्कूलों की संख्या होगी शून्य




### एक ही परिसर में चल रहे हैं 64 स्कूल

दुर्ग जिले में 64 स्कूल ऐसे हैं जो एक ही परिसर में संचालित हो रहे हैं। दुर्ग, पाटन और धमधा ब्लॉक के ये स्कूल हैं। इनमें प्राइमरी, मिडिल और हाई स्कूल हैं। युक्तियुक्तकरण के जरिए प्राइमरी और मिडिल और हाई स्कूल एक ही कैंपस में मर्ज करेंगे। मर्ज होने के बाद यहां 21 कैंपस हो जाएंगे। इसी तरह एक परिसर में संचालित दो या इससे अधिक मिडिल स्कूलों की संख्या शून्य है। जबकि एक ही परिसर में संचालित होने वाले मिडिल और हाई स्कूलों की संख्या 6 हैं। युक्तियुक्तकरण के बाद मिडिल स्कूल का संचालन हाई स्कूल के माध्यम से होगा। इसके बाद शाला परिसर की संख्या 6 से कम होकर 3 ही रह जाएगी।

### ब्लॉकवार अतिशेष शिक्षक

| ब्लॉक | प्राइमरी | मिडिल | हाई हायर सेकंडरी |
|---|---|---|---|
| दुर्ग | 126 | 177 | 20 |
| पाटन | 50 | 104 | 26 |
| धमधा | 35 | 40 | 17 |
| कुल | 211 | 321 | 63 |

### ब्लॉकवार रिक्त पदों की स्थिति

| ब्लॉक | प्राइमरी | मिडिल | हाई व हायर सेकंडरी |
|---|---|---|---|
| दुर्ग | 108 | 06 | 66 |
| पाटन | 62 | 101 | 29 |
| धमधा | 125 | 60 | 59 |
| कुल | 255 | 167 | 157 |

## जिले में सात स्कूल ऐसे जहां एक भी शिक्षक नहीं

### 32 एकल और सात शिक्षक विहीन स्कूल पहले भरे जाएंगे

प्रदेश सरकार ने सबसे पहले एकल शिक्षकीय व शिक्षकविहीन स्कूलों को भरे जाने के आदेश दिए हैं। इसी आदेश के तहत दुर्ग जिले में सबसे पहले 32 एकल शिक्षकीय स्कूल और 7 शिक्षकविहीन स्कूलों में शिक्षकों को भेजा जाएगा। इनमें शहर के अतिशेष शिक्षकों को भेजने की तैयारी कर ली गई है। इसलिए कि शहर के स्कूलों में ही ज्यादातर शिक्षक अतिशेष के दायरे में हैं।

### मिडिल स्कूल के 321 टीचर अतिशेष सभी शिक्षकों को अन्यत्र भेजा जाएगा

दुर्ग जिले में प्राइमरी स्कूलों के 211 शिक्षक अतिशेष के दायरे में हैं। शिक्षा विभाग के मुताबिक इन शिक्षकों के लिए अपने जिले में पर्याप्त पद हैं। इसलिए इन शिक्षकों को दीगर जिले जाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। मिडिल स्कूल में 167 पद है और अतिशेष शिक्षकों की संख्या करीब 321 है। इस हिसाब से मिडिल में पढ़ाने वाले उच्च वर्ग शिक्षकों को अपने जिले से बाहर जाना पड़ेगा। इसे लेकर शिक्षा विभाग ने तैयारी पूरी कर ली है।

### ब्लॉकवार मर्ज होने वाले स्कूल

| | |
|---|---|
| दुर्ग ब्लॉक | -156 |
| धमधा ब्लॉक | -95 |
| पाटन ब्लॉक | -99 |
| एक कैंपस वाले स्कूल | -64 |
| एक ही परिसर में स्कूल | - 108 |

### युक्तियुक्तकरण 2 व 3 जून को काउंसलिंग

युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष हुए सहायक शिक्षक/शिक्षक/व्याख्याता की कांउसलिंग 2 जून को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक जेआरडी स्कूल दुर्ग में होगी। इस दिन प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षक, प्राथमिक शाला तथा उसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक प्रधानपाठक एवं शिक्षक, पूर्व माध्य.शाला का काउंसलिंग होगी। 3 जून को सुबह 9 बजे से दोपहर 1 बजे तक व्याख्याता, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी।

**-अरविंद मिश्रा,** डीईओ दुर्ग

# नशे का अवैध कारोबार करने वाली महिला और तीन युवक गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

नशीली टेबलेट का अवैध कारोबार करने वाले तीन युवक व महिला को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने एनडीपीएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि नशे के खिलाफ अभियान चलाकर अवैध कारोबार करने वालो पर शिकंजा कसा जा रहा है। इस दौरान टीम बनाकर पुलिस ने लूक एण्ड साईन फैमिली सेलून के पास कातुलबोर्ड भिलाई के पास दबिश दी गई। जिसमें वार्ड 24 सिंधी कालोनी दुर्ग निवासी संतोष चंद्राकर, वार्ड 59 हरि नगर दुर्ग सोमनाथ पाण्डेय, लिंगराज उर्फ सोनू यादव ,वार्ड 10 शंकर नगर दुर्ग मनीषा मखीजा को पकड़ा गया। पूछताछ करने पर मनीषा माखीजा के खाते में रकम ट्रांसफर करना स्वीकार किया। तलाशी लिए जाने पर आरोपियों के पास से एक्टीवा

■ आरोपियों से 319 नग नशीली दवा जब्त

सीजी 07 बीआर 6209, स्पा-ट्रेनकन प्लस नशीली प्रतिबंधित कैप्सूल 35 स्ट्रीप में 274 नग कैप्सूल रेपर, अल्प्राजोलम टेबलेट 45 नग जब्त किया गया। तीन मोबाइल भी जब्त किया गया। इस दौरान एएसपी पद्मश्री तंवर, स्मृति नगर चौकी प्रभारी गुरूवन्दिर सिंग संधु मौजूद थे।

### लिस्टोमनिया बॉर में आबकारी विभाग की दबिश

भिलाई। आबकारी विभाग ने सूर्या मॉल स्थित लिस्टोमनिया बॉर में दबिश दी। जहां से टीम को भारी मात्रा में अवैध शराब का स्टॉक मिला। सहायक आयुक्त नवीन प्रताप सिंह तोमर के नेतृत्व में दबिश दी गई। लिस्टोमनिया बॉर में 62 पेटी शराब आउट ऑफ स्टॉक होने पर जब्त किया। इस बार के पास एफएल 3 क का लाइसेंस है। केवल आबकारी विभाग से आबंटित शराब ही बेची जा सकती है। टीम ने दबिश दिया तो यहां 696 बोतल शराब दूसरे जगह की मिली। इसके साथ ही कई बोतल में सील तो लगी थी, लेकिन उनका ढक्कन लूज था।

# लूट का विरोध करने पर कैंची से हमला, दो गिरफ्तार, तीसरा फरार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



■ अमलेश्वर पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना, फरार आरोपी है सहयोगी

लूट की वारदात को अंजाम देने कैची से प्राणघातक हमला करने वाले दो युवकों पुलिस ने पकड़ा। घटना में सहयोग करने वाला एक आरोपी फरार है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 311 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। एएसपी पद्मश्री तंवर ने बताया कि 27 मई को मोहित कोल अपने छोटे भाई रोहित कोल के साथ बाइक से जामगांव एम के देशी शराब भट्ठी गया था थे। शराब लेकर घर लौटते समय बाइक की चेन टुटने पर छोटा भाई उसे ढकेलते दोनों आ रहे थे। इस दौरान मुरूम खदान भाठागांव कापसी के पास पुलिया में बैठ गया। छोटा भाई बाइक लेकर आगे निकल गया। शराब भट्ठी जामगांव की ओर से लाल काला रंग के स्कूटी में तीन लोग सवार होकर पहुंचे। मोहित का मोबाइल को लूटने लगे जिसका विरोध करने पर दूसरा युवक हाथ पकड़ लिया। मोबाइल लूटने की कोशिश कर आरोपी अपने पेंट के जेब से चाकू जैसे धारदार हथियार निकालकर पेट हमला कर दिया। उसके बाद बायें तरफ कमर के उपर चाकू जैसे धारदार हथियार से प्राण घातक हमला कर लूटपाट के मौके से फरार हो गए। उमेश प्रजापति उसका साथी पूरन साहू बाइक मे बिठाकर झीट अस्पताल उपचार के लिए लेकर गए। चोट को देख उसे रायपुर रेफर किया गया। पुलिस की सूचना पर ग्राम मुडरा थाना मुजगहन जिला रायपुर निवासी नोहर लाल सोनकर उर्फ नितीन, शीतला चौक भाठागांव जिला रायपुर राजू सिन्हा उर्फ बाबू को पकड़ा गया। आरोपियों का सहयोगी चन्दू ध्रुव अभी फरार है।

### जिले में सुबह 2.4 मिमी बारिश पारा सामान्य से 6 डिग्री नीचे

**भिलाई।** जिले में मानसून की दस्तक दे दी है, लेकिन मानसून के बादलों के ओडिशा के रास्ते बंगाल की तरफ बढ़ने से अगले 72 घंटों में बारिश की संभावना कम हो गई है। मौसम विभाग की मानें तो अगले तीन से चार दिनों में तापमान में बढ़ोत्तरी होगी। इधर शनिवार की सुबह जिले के कुछ जगहों पर बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक करीब 2.4 मिलीमीटर पानी गिरा। इसकी वजह से लोगों ने गर्मी से राहत महसूस की। शनिवार को जिले का अधिकतम तापमान 35.5 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 6.4 डिग्री कम रहा। इसी प्रकार न्यूनतम तापमान 24.4 डिग्री रिकार्ड किया गया, जो सामान्य से 4.8 डिग्री कम रहा। इधर तापमान में गिरावट के बाद भी उमस और चिपचिपी गर्मी बनी हुई है। मौसम विभाग के मुताबिक एक द्रोपिका उत्तर-पूर्व यूपी से पूर्वी विदर्भ तक फैला हुआ है। समुद्र तल से 0.9 किमी ऊंचाई पर बना हुआ है। इसके प्रभाव से दुर्ग सहित प्रदेश के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश हो चुकी है। सामान्यतः मौसम साफ रहेगा।

# प्राणघातक हमला करने वाले 3 गिरफ्तार

नंदिनी पुलिस थाना क्षेत्र की है घटना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई



मोबाइल छिनने का प्रयास कर दो पर प्राण घातक हमला करने वाले तीन युवकों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 109,3(5) बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया है। घटना का खुलासा करते हुए एएसपी सुखनंदन राठौर ने बताया कि कोहडिया चौकी कंडरका बेरला निवासी अर्जुन साहू ने शिकायत किया था कि ग्राम गुधेली के खिलावन पाठक घूमने आया था। बाइक से छोडने के लिए उसे घर ग्राम मलपुरी कला ले जा रहा था।

■ मोबाइल छीनने के दौरान किया हमला, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

इस दौरान रात 8 बजे मलपूरी कला चौक के पास आगे में खिलावन पाठक की जमीन है। वहां पर खडे होकर आपस में अर्जुन व खिलावन बातचीत कर रहे थे। तभी मलपूरी कला बस्ती की ओर से भिंभौरी चौकी कडंरका थाना बेरला जिला बेमेतरा निवासी भूपेन्द्र धीवर ,भोला धीवर ,अजय देवदास पहुंचे। मोबाइल लूटने लगे और दोस्त के मना करने पर आरोपियों ने खिलावन और अर्जुन पर प्राणघातक हमला कर दिया। आरोपियों ने अपने हाथ में शराब की बोतल व धारदार लोहे का हथियार रखे हुए थे। घटना को अंजाम देकर आरोपी मौके से फरार हो गए। नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा ने अपनी टीम को सजग कर आरोपियों की तलाश में जुट गई। सूचना पर पुलिस ने तीनों युवकों को पकड़ा गया।

पूछताछ करने पर आरोपियों ने घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने कई सामान जब्त किए। इस दौरान एएसपी पद्मश्री तंवर, नंदिनी थाना प्रभारी मनीष शर्मा मौजूद थे।

भिलाई शहर में बनाए गए 111 शौचालयों में नहीं हो रही सफाई

# शौचालयों की दुर्दशा, सात माह से मेंटेनेंस प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भिलाई

शहर के शौचालयों का मेंटेनेंस इन दिनों उपेक्षा का शिकार है। पिछले 7 महीने से इन शौचालयों के मेंटेनेंस के लिए फंड जारी नहीं हुआ है, इसके चलते नियमित सफाई नहीं हो पा रही है। निर्धारित एजेंसियां भी खानापूर्ति कर रही हैं। इसके कारण लोगों को खुले में शौच जाना पड़ रहा है। इसे लेकर लगातार शिकायत भी की जा रही है, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं हो पाया है। निगम क्षेत्र में स्वच्छता श्रृंगार योजना के तहत 111 शौचालयों का निर्माण कराया गया है। इन शौचालयों के मेंटेनेंस के लिए प्रति माह 15 हजार रुपए खर्च किया जाता है। इस प्रकार 1.65 करोड़ रुपए शौचालयों के मेंटेनेंस पर खर्च किए जाते हैं। पिछले करीब 7 महीने से निगम द्वारा निर्धारित एजेंसियों को भुगतान नहीं किया गया है। इसके कारण एजेंसियां कार्य में रूचि नहीं ले रही है।




### केयर टेकर रखने से लेकर सफाई की जिम्मेदारी

योजना के तहत इन शौचालयों में केयर टेकर रखा जाना है। इसके अलावा नियमित रूप से साफ-सफाई कराई जानी है। फिनाइल, एसीड, झाड़ू-पोछा के इंतजाम करना है। हर शौचालय में औसतन 24 सीटर व्यवस्था दी गई है। इसके अलावा पानी के इंतजाम किए गए हैं। बड़ा काम होने की स्थिति में निगम का स्वास्थ्य विभाग द्वारा कराया जाता है। शौचालयों को आकर्षक बनाया गया है। वर्तमान में भुगतान नहीं होने से साफ-सफाई नहीं हो रही है। एजेंसियों ने जल्द भुगतान नहीं होने की स्थिति में शौचालय बंद करने की चेतावनी दी है।

### पहले कांग्रेस अब भाजपा समर्थित चला रहे शौचालय

जानकारी के मुताबिक पूर्व में इन शौचालयों की देखरेख की जिम्मेदारी कांग्रेस के कार्यकर्ता उठा रहे थे। समूह कोई भी रहा हो, देखरेख कांग्रेस कार्यकर्ता करते रहे हैं। राज्य में भाजपा की सत्ता आने के बाद इन शौचालयों की देखरेख की जिम्मेदारी बदली गई। नई एजेंसियां तय की गई। इसके बाद भाजपा कार्यकर्ताओं की देखरेख में शौचालयों में मेंटेनेंस का काम शुरू हो गया। पिछले 7 महीने से निर्धारित एजेंसियां काम कर रही हैं, लेकिन उनको भुगतान नहीं हो पाया है। जानकारी के मुताबिक उन्हें करीब 11.55 करोड़ रुपए का भुगतान होना है। भुगतान नहीं होने की वजह से एजेंसियां काम को लेकर रूचि नहीं ले रही हैं।


सुयश हॉस्पिटल
(NABH से मान्यता प्राप्त)
डायलिसीस
- सीआरएफ एवं एआरएफ के मरीजों की अत्याधुनिक फ्रेसिनियस की डायलिसीस मशीन द्वारा
- हिमोडायलिसीस
- पेरीटोनियल डायलिसीस
- सीएपीडी
- बच्चों की किडनी की बामारियों का ईलाज

24 Hours Helpline
9926386660
कोटा-गुढ़ियारी रोड़, होटल पिकाडली के पीछे, रायपुर
Ajay 9827144371





## खबर संक्षेप

### पंडित प्रदीप निकुम में 19 से करेंगे शिवमहापुराण

**निकुम।** दुर्ग जिले के ग्राम निकुम में 19 से 23 जून तक पांच दिवसीय शिवमहापुराण कथा का होगा। जिसमें अंतराष्ट्रीय कथावाचक पंडित प्रदीप मिश्रा सिहोर वाले के श्रीमुख से कथा स्थल स्व. पुकेश्वर सिंह भारदीय कॉलेज निकुम के सामने बड़े मैदान में कथा वाचन दोपहर 1 बजे शाम 5 बजे तक करेंगे। वहीं शिवमहापुराण आयोजक समिति प्रमुख व पूर्व जनपद सदस्य रुपेश देशमुख ने बताया कि कथा स्थल में मुरुम फिलिंग, साफ-सफाई व तैयारी चल रही है । जिसमें तकरीबन तीन लाख से अधिक शिवभक्त श्रध्दालुगण वाटर फ्रुफ पंडाल में कथा श्रवण करेंगे। वहीं अंचल के निकुम, खुरसुल, मोहंदीपाठ, आमटी, खुर्सीपार, गोड़ेला, आलबरस, रुदा, खाड़ा, तिरगा, मासाभाठ सहित सभी गांवों समीपस्थ ग्रामवासी आयोजन को सफल करने में सहयोग कर रहे हैं।



### सेवानिवृत्ति पर हरिशचंद को दी विदाई



**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में अपनी 33 साल की सेवाएं पम्प चालक के रूप में दिए हरीशचंद निर्मल को सेवानिवृत्त होने पर शनिवार को बधाई दिए इसका काम को देखा कर नगर के अध्यक्ष योगेश निक्की भाले ने सराहना की। वहीं निर्मल के सेवानिवृत्ति पर शील्ड देकर स्वागत किया गया। इस दौरान अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, उपाध्यक्ष निशा योगेश सोनी, सभापति केवल देवांगन, जितेंद्र निर्मलकर, देवेंद्र ठाकुर, पार्षद चंद्रप्रकाश देवांगन, अन्नपूर्णा पटेल, नारायण पटेल, डॉ बीरेंद्र गुनीराम कौशिक, मुख्य नगर पालिका अधिकारी हेमन्त कुमार वर्मा, इंजीनियर अर्जुन निर्मल सहित आदि उपस्थित थे।

### चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज का हुआ 55वां वार्षिक अधिवेशन

# कोई भी लक्ष्य कठिन क्यों न हो, मनुष्य के दृढ़ संकल्प के सामने टिक नहीं सकता : चौधरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई/अंडा

दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत ग्राम कोलिहापुरी 36 फोर्ट में आयोजित चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज, दुर्ग राज के 55वें वार्षिक अधिवेशन में मुख्य अतिथि वित्त मंत्री ओपी चौधरी के साथ सम्मिलित होकर समाज गंगा को सादर प्रणाम किया एवं उनका आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस अवसर पर ओपी चौधरी ने समाज के युवाओं को प्रेरणादायी संबोधन देते हुए कहा कि यदि समाज का युवा शिक्षित, जागरूक और संगठित हो तो समाज के उत्थान के साथ-साथ राष्ट्र निर्माण में भी उनकी भूमिका निर्णायक होगी। कुर्मी समाज की कर्मठता, कृषि परंपरा और सामाजिक एकजुटता देश की रीढ़ रही है। हमें अपने गौरवशाली इतिहास से प्रेरणा लेकर आधुनिक समय की चुनौतियों के लिए तैयार रहना होगा।

कुर्मी समाज अपने मजबूत पारिवारिक और सामाजिक मूल्यों के लिए जाना जाता है, जिसने सदैव शिक्षा, सेवा, स्वावलंबन और राष्ट्रहित को प्राथमिकता दी है। ओपी चौधरी ने मोटिवेशनल स्पीच के रूप में आज बच्चों के समक्ष अपनी संघर्ष के दिनों साझा करते हुए बताया कि अल्पकाल में ही पिता की मृत्यु हो गया था पेंशन के लिए भटकना पड़ा कलेक्टर के काम से प्रभावित होने कलेक्टर बनने तक का सफ़र बताया। उन्होने कहा कोई भी लक्ष्य, चाहे वह कितना भी कठिन क्यों न हो, मनुष्य के साहस और दृढ़ संकल्प के सामने टिक नहीं सकता। हार केवल उन्हें मिलती है जो प्रयास ही नहीं करते। आपको जिस काम में आपको अच्छा लगता है जो करना चाहते हो उसको पुरी निष्ठा और ईमानदारी पूर्वक करो तो निश्चित रूप से सफलता आपके कदम चूमेगी । आगे वित्त मंत्री चौधरी ने ओबीसी जातियों के अधिकारों और उनके विकास के लिए आवश्यक जानकारी साझा की। उन्होंने कहा, कृषि, वेतन और पेंशन की आय क्रीमी लेयर श्रेणी में नहीं आती। यह हमारे समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत है। चौधरी ने महिलाओं को शिक्षा के प्रति जागरूक करने की अपील भी की और इस बात पर जोर दिया कि तकनीकी क्षेत्र में देश के विकास की अपार संभावनाएं हैं।

**शिक्षा, सामाजिक जागरुकता और राष्ट्र निर्माण की भावना को किया साझा**




#### युवाओं को शिक्षा के साथ समाज क्षेत्र में आगे बढ़ना होगा

दुर्ग सांसद विजय बघेल ने इस महत्वपूर्व आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं दी और युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ समाज क्षेत्र में भी आगे बढ़ना है। समाज के नैतिक मूल्यों को समझना होगा युवा देश का समाज का भविष्य है। इस अवसर पर दुर्ग ग्रामीण विधायक ललित चंद्राकर ने सामाजिक एकता पर बल देते हुए कहा समाज को संगठित और जागरूक होने की आवश्यकता है संगठित और शिक्षित समाज से ही विकसित राष्ट्र का निर्माण होता है, इस सफल आयोजन के लिए हार्दिक शुभकामनाएं।

#### यह रहे उपस्थित

कार्यक्रम में विनोद चंद्राकर अध्यक्ष, चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छत्तीसगढ़, अश्वनी चंद्राकर पूर्व अध्यक्ष, प्रदीप चंद्राकर अध्यक्ष चंद्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज दुर्ग राज, प्रदेश महामंत्री हिम्मत चंद्राकर, महिला उपाध्यक्ष सविता चंद्राकर, विनोद चन्द्राकर अध्यक्ष-चन्द्रनाहू कुर्मी क्षत्रिय समाज छग, प्रदेश अध्यक्ष चन्द्रनाहूँ कुर्मी क्षत्रिय समाज तारिणी पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, अध्यक्ष जिपं बालोद पुरुषोत्तम चन्द्राकर, अध्यक्ष जपं गुंडरदेही प्रतिमा रमेश चन्द्राकर, अध्यक्ष जपं राजनांदगांव उपकार चन्द्राकर , प्रदेशमहामंत्री भाजपा युवा मोर्चा गुलशन चन्द्राकर, सदस्य-जिला पंचायत बालोद पुष्पेन्द्र चन्द्राकर, प्रदेश अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ योगिता चन्द्राकर, प्रदेश अध्यक्ष-महिला प्रकोष्ठ सुनील चन्द्राकर आदि उपस्थित थे।

## संकल्प से सिद्धि तक के लिए भाजपा ने की समिति गठित

**भिलाई।** संकल्प से सिद्धि तक के लिए बीजेपी ने समिति का गठन किया है। अध्यक्ष पुरुषोत्तम देवांगन के निर्देश पर महामंत्री प्रेमलाल साहू ने आदेश जारी किया है। इसमें कोहका से संयोजक डॉ. दिनेश साहू, सोम भट्ट, सुरेखा देशमुख, सुपेला डॉ. दिलीप शर्मा, रंजीता ठाकुर, यशोदा, कैम्प संजय जायसवाल, भगवती साव, धर्मेंद्र पांडेय, वैशालीनगर मोतीलाल श्रीवास्तव, कमलावती, मुरलीधर, खुर्सीपार गुलाब सिंह, श्रीनू राव, मेघा कौर, पूरब मंडल ब्रिजेश मिश्रा, अजय कन्नौजिया, ज्योति सोनी, पश्चिम रजनीकांत पांडेय, कामिल राबर्ट, सोनाली, भिलाई-तीन विपिन, डॉ. बालमुकंद, प्रेमलता, चरोदा वेदप्रकाश, मलय, प्रमिला, जामुल दीपक, संजय, गायत्री, अहिवारा जितेंद्र, संजय, शुभम, मुरमुंदा भोजराज, सरिता, प्रवेश, जेवरा-सिरसा सुखनंदन देशमुख, किशन साहू, लक्ष्मी कुंभकार शामिल हैं।

## पति की बेरूखी व तानाशाइयों की बेशर्मी से ममता के आंचल में छलक उठा दर्द

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

निश्छल प्रेम की पाकीजगी पर भरोसे ने उस मासूम को जमाने से दूरियां बढ़ाकर अपने हमदर्द के दिल में घर बनाने के लिए मजबूर कर दिया। मजबूर भी इस कदर कि सात वचनों और सात फेरों के साथ एक दूजे का होते देर नही लगी। लेकिन उस बदकिस्मत ने कभी सपने भी नहीं सोचा होगा कि ममता के आंचल में प्रेम की किलकारी गूंजते ही दो दिलों की नजदीकियां मीलों लंबी खामोशी में बदल जाएगीं। और जिस पिया के लिए पीहर और नैहर छोड़ा,उसकी बेरुखी और बेवफाई उसे इंसाफ के लिए

- **दूधमुंहा बच्चा लिए कलेक्टोरेट परिसर पहुंची महिला ने मदद और इंसाफ की लगाई गुहार**

सरेराह भटकने के लिए मजबूर कर देगी। एक तरफ तो जीवन के हमसफर के छूटे साथ की असहनीय वेदना और दूसरी ओर दाम्पत्य की निशानी गोद में भूख से बिलखती नन्ही सी जान की भी चिंता । दोतरफा तड़फन से उसे सरेआम आंखों के साथ ममता के छलकते दामन तले अपने लाल की भूख मिटाने विवश क्या होना पड़ा कि वह बेहया राहगीरों के लिए महज एक मनोरंजक तमाशा बनकर रह गई। और फिर आखिर उसका दर्द फट ही पड़ा - बेशर्मों क्या कभी अपनी मां को दूध पिलाते हुए भी ऐसी निगाहों से देखा था,जो, इंसाफ के मंदिर में न्याय की गुहार के लिए भटक रही मुझ बेहसहारा और बदनसीब महिला को आंख फाड़ फाड़ कर देख रहे हो। बनाना है तो मेरी नाइंसाफी का वीडियो बनाओ और मुझे न्याय दिलाओ।

कलेक्टोरेट परिसर दुर्ग में आज शादी के बाद अपने पति की ज्यादति से परेशान दूधमुंहा बच्चा गोद में लिए रोती बिलखती एक महिला के छलकते दर्द ने आते जाते लोगों को मजमा लगाने के लिए मजबूर कर दिया। न्याय के लिए चींखती चिल्लाती करीब बीस बाईस वर्षीय बदहवाश युवती रोते हुए नन्हे बच्चे को सीने से चिपकाए



हुए अपनी मुसीबत से छुटकारा दिलाने मदद के लिए मददगारों को ढूंढ़ रही थी। खुद को सतनामी पारा धनौरा की निवासी बताने वाली भावना सतनामी नामक महिला को चींख पुकार करते हुए भटकता देख लोगों भीड़ लग गई। कुछ ने हमदर्दी से उसे पानी पिलाते हुए समस्या पूछी तो कुछ शोहदे ऐसे भी थे जो भूख से रो रहे बच्चे का दर्द देख बदहवाशी से खुलेआम अपना दूध पिलाते हुए देखकर गंदे कमेंट्स करने से बाज नहीं आ रहे थे। इनकी बेशर्मी देख उन्हें बचपन में अपनी मां का दूध पीने की याद दिलाते हुए फटकार लगाई। एक भद्र महिला सहित कुछ संवेदनशील लोगों ने मौके पर पहुंची पुलिस को उसकी व्यथा बताते हुए मदद की अपील की। परेशान शादीशुदा महिला ने लोगों को बताया कि बताया कि वह साहू जाति की है और सतनामी जाति के युवक से प्रेम विवाह किया था । लेकिन शादी के कुछ दिनों बाद पति मारता पीटता है और उसे नवजात बेटे के साथ बेसहारा छोड़ दिया है। वह यहां इंसाफ के लिए आई है। परेशान इतनी अधिक थी कि वह मेरा वीडियो बनाओ और मुझे न्याय दिलाओ कहते हुए बार बार चिल्ला रही थी। उसने बताया कि उसे कलेक्टर, पुलिस और वकील से उम्मीद है कि उसे जल्द न्याय मिलेगा। पुलिस के जवानों ने पीड़ित महिला के प्रति संवेदनशीलता दिखाते हुए समझाइश देते अपने साथ वाहन में उसके घर पहुंचाने का दिलासा दिलाया। पुलिस ने बताया कि पति के परेशान करने से महिला दुख और गुस्से से पीड़ित और मानसिक रुप से भी परेशान है।


**बिजनेस साइट**

## खरीदी के लिए लोग पहुंच रहे ओम ज्वेलर्स



**भिलाई।** ओम ज्वेलर्स के नए शो रूम का भव्य शुभारंभ किया गया जिसमें मुख्य अतिथि तिमिरेन्दु शेखर सिंह एवं विशेष अतिथि निज सहायक मुख्यमंत्री तुलसी कौशिक, सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, विधायक ललित चंद्राकर, महापौर अल्का बाघमार, भाजपा दुर्ग जिलाध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक, नगर निगम सभापति श्याम शर्मा, राष्ट्रीय अध्यक्ष युवा प्रकोष्ठ दिल्ली संतोष साहू एवं गणमान्य नागरिक सराफा अध्यक्ष प्रकाश सांखला, ओम सोनी, अजय सोनी, धर्मेन्द्र सोनी, करतार सिंह अलरेजा, अधिवक्ता विजय शर्मा, अधिवक्ता नागेंद्र शर्मा, अध्यक्ष इंदिरा मार्केट मितेश पटेल, अध्यक्ष राष्ट्रीय बजरंग दल अहिवारा विस नरोत्तम कुमार, अधिवक्ता रविशंकर मानिकपुरी, अनिल साहू, अजय दुबे आदि का गरिमामय उपस्थिति रहा। ओम ज्वेलर्स के संचालक ने बताया कि शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

## पासपोर्ट बनवाना बहुत आसानः श्रीकांत जैन

**भिलाई।** छत्तीसगढ़ में पासपोर्ट के लिए नंबर वन के नाम से पहचाने जाने वाले श्रीकांत जैन को अब 'पासपोर्ट के डॉक्टर' के नाम से भी जाना पहचाना जाता है। आप नए पासपोर्ट और पासपोर्ट से संबंधित किसी प्रकार की समस्या के समाधान के लिए श्रीकांत जैन से संपर्क कर सकते हैं। विशेष कारण हो तो तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 4 से 10 दिनों पर और नार्मल पासपोर्ट 30 से 45 दिनों पर प्राप्त हो जाता है। भारत सरकार विदेश मंत्रालय द्वारा अधिकृत भूतपूर्व पासपोर्ट एजेंट प्रतिनिधि, श्रीकांत जैन ने बताया कि हमारे पासपोर्ट के



10,000 से ज्यादा 99.99% संतुष्ट ग्राहक है। आप पासपोर्ट, एयर टिकट, पैकेज टूर्स आदि के काम और सुविधाओं के लिए, आप हमारे ऑफिस, स्ट्रीट 20, स्मृति नगर, भिलाई पर संपर्क कर सकते हैं। हमारी संस्था पर एयर टिकट और थाईलैंड (बैंकाक पटाया), सिंगापुर, मलेसिया, मारीशस, दुबई आदि के पैकेज टूर्स विशेष उपहार के साथ उपलब्ध है। साथ ही आप भारतीय जीवन बीमा निगम एलआईसी से संबंधित सभी तरह के कार्य के लिए भी संपर्क कर सकते हैं।


## अंचल की खबरें

### नपं पाटन में अहिल्याबाई होलकर जयंती मनाई




**पाटन।** अहिल्याबाई होलकर की 300 वी जयंती के उपलक्ष्य में 'स्वच्छता अभियान' के तहत सर्वप्रथम पाटन नगर के ओग्गर तालाब परिसर एवं प्रमुख चौक चौराहों में स्वच्छता दीदियों एवं नगर पंचायत पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, सीएमओ हेमंत कुमार वर्मा, इंजीनियर अर्जुन निर्मल सहित पार्षद द्वारा साफ-सफाई के माध्यम से स्वच्छता का संदेश दिया गया। उसके पश्चात नगर पंचायत पाटन परिसर में पुण्यश्लोक राजमाता अहिल्या बाई होलकर की चित्र में श्रद्धा पुष्प अर्पित की गई। मुख्यमंत्री स्लम स्वास्थ्य गाड़ी के माध्यम से स्वच्छता दीदियों का स्वास्थ्य परीक्षण के साथ , उन सभी को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में पाटन मंडल अध्यक्ष रानी बंछोर, सभापति केवल देवांगन, वार्ड पार्षद जितेन्द्र निर्मलकर, पार्षद जय प्रकाश देवांगन , पार्षद देवेंद्र ठाकुर, केशव बंछोर, प्रकाश बिजौरा, चिरंजीव देवांगन, किरण बंछोर आदि उपस्थित थे।

### धमधा कॉलेज में प्री.पीएचडी की हुई मौखिक परीक्षा



**धमधा।** स्थानीय चंदूलाल चंद्राकार शासकीय महाविद्यालय में फरवरी 2021 से स्थापित वाणिज्य शोध केंद्र धमधा में प्रथम प्री. पीएचडी मौखिक परीक्षा संपन्न हुआ। शोधार्थी अनामिका साहू ने शोध निर्देशक डॉ. जीडीएस बग्गा के शोध निर्देशन में 'महिला आर्थिक सशक्तिकरण में महिला स्व- सहायता समूह की भूमिका का अध्ययन' विषय पर अपना शोध कार्य पूर्ण किया। ऑनलाइन एवं ऑफलाइन स्वरूप में संपन्न हुए इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉ. उषा किरण अग्रवाल एवं अतिरिक्त सहायक संचालक डॉ.सुमीत अग्रवाल की गरिमामय में उपस्थिति रही। कार्यक्रम के प्रारंभ में शोध निर्देशक डॉ. जी.डी.एस.बग्गा एवं शोधार्थी अनामिका साहू ने भारतीय परंपरानुसार पुष्प गुच्छ से स्वागत किया। शोधार्थी अनामिका साहू ने अपने शोध विषय की प्रभावी प्रस्तुति प्रदान की। प्राचार्य डॉ. उषाकिरण अग्रवाल ने इसे और प्रभावी प्रस्तुति के लिए महत्वपूर्ण सुझाव दिए। डॉ सुमीत अग्रवाल ने भी इस प्रस्तुतीकरण के बाद सुखद भावी जीवन की बधाई दी।

### 10वीं में झलक व 12वीं में अभय का उत्कृष्ट प्रदर्शन




**धमधा।** स्काई इंटरनेशनल स्कूल, धमधा के विद्यार्थियों का सीबीएसई परीक्षा में शानदार प्रदर्शन हाल ही में केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड सीबीएसई कक्षा 10वीं एआईएसएसई और 12वीं एआईएसएससीई के परीक्षा परिणाम घोषित किए गए, जिसमें स्काई इंटरनेशनल स्कूल के विद्यार्थियों ने उत्कृष्टता हासिल की। कक्षा 10वीं के टॉपर एआईएसएसई हैं जिसमें झलक चंदेल 94%, रोशन सिंह चंदेल 92.2% , आशु जंघेल 90.8%, भव्यता राजपूत 90.2% वहीं कक्षा 12वीं के टॉपर अभय कुमार साहू विज्ञान - 86.6%, ईशान कुमार विज्ञान 85%, हर्षित अग्रवाल विज्ञान 84.6% , अविनाश मानिकपुरी कॉमर्स- 83.2% अंक प्राप्त की। स्कूल की प्राचार्या और शैक्षणिक निदेशिका डॉ. माया भट्टाचार्य ने बताया कि यह परिणाम बच्चों की कड़ी मेहनत और लगन का प्रतीक है। स्कूल के प्रबंधन ने बच्चों के अच्छे परिणाम के लिए बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्कूल की अध्यक्ष सुनीता जैन और स्कूल के निदेशक संकेत जैन ने कहा, बच्चों की सफलता उनकी कड़ी मेहनत , स्कूल के शिक्षकों के मार्गदर्शन और समर्पण का परिणाम है। हमें अपने बच्चों पर गर्व है और उम्मीद है कि वे भविष्य में भी उत्कृष्टता हासिल करेंगे।

### लोक निर्माण विभाग प्रभारी बने केवल




**पाटन।** नगर पंचायत पाटन में इस बार हुए नगरीय निकाय चुनाव में पहली बार एक संयोग बना है। केवल देवांगन जो वार्ड क्रमांक 11 से पार्षद निर्वाचित हुए है व उन्हें लोक निर्माण विभाग प्रभारी बनाया गया है तो वहीं देवेन्द्र ठाकुर जो वार्ड 15 से पार्षद निर्वाचित हुए है व उन्हें राजस्व एवं बाजार विभाग का प्रभारी बनाया गया है। ये संयोग पहली बार पाटन नगर पंचायत में देखने को मिला जो कि ये दोनों भाजपा समर्थित पार्षद है। दोनों पार्षद युवा और नई सोच से प्रेरित हैं। जिसका लाभ नगर पंचायत पाटन को मिलेगा।

### आंध्र साहित्य समिति द्वारा बालाजी मंदिर की 51वीं वर्षगांठ में हुआ आयोजन

# भगवान बालाजी, माता श्रीदेवी-भूदेवी की निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ▶▶|भिलाई

आंध्र साहित्य समिति दवरा सेक्टर 5 स्थित बालाजी मंदिर की 51वीं वर्षगांठ पर भगवान बालाजी तथा माताओं श्रीदेवी-भूदेवी की भव्य शोभायात्रा देर रात तक निकाली। अध्यक्ष पीवी राव एवं सचिव पीएस राव के नेतृत्व में रंगबिरंगे फूलों, झालरों, झूमरों तथा सतरंगी लाइटों से सजे वाहन से निकाली गई। इस शोभायात्रा में दक्षिण भारतीयों समेत विभिन्न प्रांतों के सैकड़ों भक्त शामिल हुए। पारंपरिक वाद्ययंत्रों, ढोल-नगाड़ों, गाजे-बाजों एवं आतिशबाजी के बीच शोभायात्रा बालाजी मंदिर से शुरू होकर सेंट्रल एवन्यू रोड, जेपी चौक, अंडर ब्रिज, घड़ी चौक, जीई रोड, न्यू बसंत टाकीज रोड, जलेबी चौक, सुभाष चौक, 18 नंबर सड़क, अमरजीवी पोट्टि श्रीरामुलु चौक, कैंप के तेलुगु बहुल क्षेत्रों के सभी प्रमुख मार्गों से होते हुए श्रीराम मंदिर तक निकाली गई, जहां से मध्यरात्रि को वापस बालाजी मंदिर लौटी। शेषनाग आसन पर विराजमान इष्टदेव की शोभायात्रा के इस अद्भुत नजारे को लोगों ने घर की छतों और बाल्कनियों से देखा। मंदिर के कपाट बंद होने से पहले भगवान बालाजी को एकांत सेवा अर्पित की गई।




#### स्वागत में बिछाए गए पलक पांवड़े

इस दौरान आंध्र महिला मंडली के सदस्यों ने भगवान को प्रसन्न करने के लिए गरबा की तर्ज पर दक्षिण भारतीय पारंपरिक नृत्य कोलाटम पेश किया। आमतौर पर यह नृत्य धार्मिक कार्यक्रमों में प्रस्तुत किया जाता है। वहीं युवक-युवतियां, बच्चे और पुरुष भी ढोल-नगाड़ों की धुन पर भगवान की भक्ति में लीन होकर जमकर नाचे। भगवान के स्वागत में महिलाओं तथा युवतियों ने रास्तों को पारंपरिक एवं आधुनिक रंगोलियों से सजाया। शोभायात्रा का स्वागत न केवल दक्षिण भारतीयों बल्कि विभिन्न समुदायों के लोगों ने भी किया। रास्ते भर नगर भ्रमण में शामिल श्रद्धालुओं के लिए स्टॉल लगाकर शीतलपेय, फलाहार, हलवा तथा खिलाड़ी का प्रबंध किया गया। जगह-जगह उनकी आरती भी उतारी गई। भगवान बालाजी की माताओं सहित तेलुगुबहुल कैंप क्षेत्रों में यह पहली शोभायात्रा थी। शोभायात्रा में उपाध्यक्षों बीए नायडु व के सुब्बाराव एवं कोषाध्यक्ष टीवीएन शंकर, सह कोषाध्यक्ष एनएस राव तथा संयुक्त सचिवों के लक्ष्मीनारायण व एस रवि मौजूद रहे।

#### रस्मों के साथ कल्याणोत्सव

सहस्रनामार्चना के बाद भगवान बालाजी और श्रीदेवी-भूदेवी का कल्याणोत्सव (विवाहोत्सव) शुरू हुआ। जिसमें विधिविधान एवं वैदिक मंत्रोच्चार के बीच प्रभु बालाजी के उत्सव विग्रह को वर के रूप में नए वस्त्रों तथा स्वर्णाभूषणों से अलंकृत किया गया और श्रीदेवी-भूदेवी के विग्रहों का वधू के रूप में श्रृंगार किया गया। मंदिर के मंडप में भगवान बालाजी को विशेष आसन पर, जबकि श्रीदेवी-भूदेवी को शेषनाग आसन पर स्थापित किया गया, जहां उनके दिव्य सौंदर्य की एक झलक पाने के लिए भक्तों में होड़ मच गई। वर-वधुओं के अलौकिक और अप्रतिम सौंदर्य से अभिभूत भक्तों ने इस दौरान गोदान, वस्त्रदान एवं कन्यादान समेत सभी सनातन रस्में निभाईं।

#### सुप्रभातम से हुआ अनुष्ठानारंभ

धार्मिक अनुष्ठान की शुरुआत ब्रह्ममुहूर्त में सुप्रभातम से हुआ, जिसमें भगवान बालाजी से वैदिक मंत्रोच्चार के साथ प्रार्थना की गई कि हे गोविंद उठो! हे गरुड़ध्वज जागो! हे कमलाकांत उठकर तीनों लोकों को मंगलमय बनाओ। सुप्रभातम के बाद पंडित गोपालाचारी ने भगवान बालाजी के उत्सव विग्रह को पंचामृत तथा शिवनाथ नदी से लाए अभिमंत्रित पवित्र जल से स्नान कराकर नए वस्त्र पहनाए। उसके बाद जल से भरे सौ कलशों को भगवान के सामने स्थापित किया गया और पंडित ने बड़ी श्रद्धा से मंत्रों का उच्चारण करते हुए प्रधान कलशों सहित प्रत्येक कलश के जल से भगवान का अभिषेक किया। कलशाभिषेक के बाद पंडित के साथ-साथ भक्तों ने भगवान बालाजी की कृपा पाने के लिए सहस्रनामार्चना की। इस दौरान श्रीकाकुलम से आए के गोविंदराव और के उपेंद्र ने नादस्वरम पर तथा साईं कुमार ने ढोल पर संगति की।

## खबर संक्षेप

### चालानी कार्रवाई रोकने की मांग

दुर्ग। पूर्व एल्डरमैन भाजपा नेता डॉ प्रतीक उमरे ने आम जनता को हो रही परेशानियों के मद्देनजर मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय से हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा होने तक चलानी कार्यवाही रोकने का आग्रह किया है। डॉ प्रतीक उमरे ने कहा कि छत्तीसगढ़ में 1 अप्रैल 2019 से पहले पंजीकृत सभी वाहनों के लिए हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट अनिवार्य है। दुर्ग जिले सहित पूरे राज्य में परिवहन विभाग ने इसके लिए पहले 31 मार्च 2025 तक की समय सीमा दिया था, जिसे बाद में 15 अप्रैल 2025 तक बढ़ाया गया। 16 अप्रैल 2025 से बिना हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट वाले वाहनों पर 500 से 10,000 रुपये तक का जुर्माना लगाया जा रहा है। जिसकी वजह से आम लोगों को बेवजह भारी तकलीफें झेलनी पड़ रही है। हर वाहन मालिक को समय और सुविधा दिया जाना आवश्यक है। डॉ. उमरे ने जब तक राज्य के सभी वाहनों में हाई सिक्योरिटी नंबर प्लेट लगाने का काम पूरा नहीं हो जाता, तब तक चलानी कार्यवाही, चालान और जुर्माना को रोकाने की मांग की है।

### अग्रवाल दंपत्ति ने किया देहदान, सौंपी वसीयत




दुर्ग। स्टील कॉलोनी भिलाई निवासी भिलाई नगर निगम के सेवानिवृत इंजीनियर तपन अग्रवाल एवं उनकी पत्नी श्रीमती पुष्पलता अग्रवाल ने अपने देहदान की घोषणा कर देहदान की वसीयत नवदृष्टि फाउंडेशन के सदस्य कुलवंत भाटिया एवं राजेश पारख को सौंपी। तपन अग्रवाल ने कहा आज उनकी वर्षों पुरानी इच्छा पूरी हुई। आज अपनी पत्नी सहित देहदान की घोषणा कर उन्हें संतुष्टि हो रही हैं कि अब उनके जाने के बाद उनकी व उनकी पत्नी की आँखों से चार लोगों को नई रौशनी मिलेगी व भविष्य के डॉक्टरों को रिसर्च हेतु मृत देह केडेवर मिले तो हम पति पत्नी का जीवन सार्थक होगा।

### युक्तियुक्तकरण प्रक्रिया के लिए तिथि निर्धारित

दुर्ग। युक्तियुक्तकरण की प्रक्रिया के तहत अतिशेष हुए सहायक शिक्षक, शिक्षक व्याख्याता के काउन्सलिंग की समय-सारिणी निर्धारित कर दी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद मिश्रा से मिली जानकारी अनुसार कांउसलिंग 2 जून को सुबह 9 से दोपहर 1 बजे तक जेआरडीशासबहु उमा वि दुर्ग में प्रधानपाठक एवं सहायक शिक्षकए प्राथमिक शाला तथा उसी दिन दोपहर 2 से सायं 5 बजे तक प्रधानपाठक एवं शिक्षक पूर्व माध्यणशाला का काउंसलिंग होगा। इसी प्रकार 03 जून 2025 को प्रातः 9 बजे से दोपहर 01 बजे तक जेआरडीशास बहुउ मावि दुर्ग में व्याख्याता, हाईस्कूल एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल के काउंसलिंग की प्रक्रिया होगी।

## पीएम आवास : केन्द्र और राज्य की छूट के अलावा हितग्राहियों को मिलेगी राशि

# स्वीकृति के 18 माह में गृहप्रवेश पर मिलेगी 32 हजार प्रोत्साहन राशि

**प्रधानमंत्री आवास योजना शहरी 2.0 के लाभार्थी अगर स्वीकृति तिथि से अठारह माह के अंदर पीएम आवास तैयार कर गृहप्रवेश करते है तो उन्हें राज्य शासन 32850 रूपए प्रोत्साहन राशि उपलब्ध कराएगी। यहीं नही शहरी आवास योजना को प्रोत्साहित करने के लिए न सिर्फ हितग्राही बल्कि इंजीनियरों को भी प्रति मकान छः हजार रूपए मानदेय जारी किया जाएगा।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

अलग खबर

प्रधानमंत्री शहरी आवास योजना दो के तहत नगरनिगम द्वारा सभी साठ वार्ड में विगत दिनों सर्वे कराया गया। जिसमें करीब एक हजार हितग्राहियों ने पीएम आवास के लिए आवेद किया है। जानकारी अनुसार इसमें पांच सौ से अधिक आवास स्वीकृत भी हो गए है। वही आधे आवास की भी जल्द ही स्वीकृति मिलने की संभाना है। बहरहाल स्वीकृति मिलने के बाद तेजी से निर्माण कराए जाने के निर्देश भी दिए गए है।

राज्य के नगरीय प्रशासन विभाग का कहना है कि, (बीएलसी) घटक के समयबद्ध क्रियान्वयन एवं हितग्राहियों को निर्धारित समयावधि में लाभ प्रदान करने हेतु ₹मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना₹ प्रारंभ की जा रही है। इस योजना का मुख्य उद्देश्य हितग्राहियों को निर्धारित समय-सीमा में आवास का लाभ प्रदान किये जाने



**पीएम शहरी आवास 2.0 में 18 माह के अंदर करना होगा गृहप्रवेश**

### अनुज्ञा से जियोटैग के बाद होंगे पात्र

मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के लिए हितग्राहियों के आवास निर्माण अवधि की गणना संबंधित हितग्राही को नगरीय निकाय द्वारा जारी भवन अनुज्ञा दिनांक से उनके आवास पूर्णता के जियोटैग दिनांक तक की जाएगा। हितग्राहियों के आवास पूर्णता दिनांक के सत्यापन हेतु उनके पूर्ण स्तर का जियो-टैग दिनांक मान्य होगा। इसमें जियो-टैग निकाय द्वारा अनुमोदित होना अनिवार्य किया गया है। अफसरों ने बताया कि, 30 वर्ग मीटर से 45 वर्ग मीटर तक कारपेट क्षेत्रफल वाले नव निर्मित आवास में न्यूनतम दो कमरे, रसोई घर और शौचालय, बाथरूम का निर्माण किया गया हो। उक्त निर्माण कार्य में समस्त आंतरिक एवं बाह्य कार्य जैसे प्लास्टर, फ्लोरिंग, पोताई, विद्युतीकरण, जल की व्यवस्था, दरवाजे-खिड़की की भी पडताल होगी। आवास के मुख्य

### इस तरह होंगे आवास बनाने का अंशदान

पीएम आवास के लिए केन्द्र सरकार डेढ लाख, राज्य शासन एक लाख रूपए जारी करेगी। वहीं डीपीआर और पीएमसी शुल्क यानि इंजीनियरों का मानदेय 61 सौ रूपए व हितग्राही प्रोत्साहन 32850 रूपए मिलेगा। इसमें एक लाख रूपए हितग्राही अंशदान भी शामिल होगा। इस तरह गृहप्रवेश बाद हितग्राहियों को राशि तीन लाख 89 हजार रूपए जारी किया जाएगा।

### पुराने मकानों में किस्त सुविधा, किराएदार को मौका

नगरनिगम दुर्ग दर्जनभर इलाको में पीएम आवास निर्माण किया है। जिसमें बोरसी 108, पोटियाकला फार्चून हाईट 36, गोकुल नगर पुलगांव 336, गणपति विहार बोरसी 108, सरस्वती नगर 522 और पोटियाकला 116 मकान है। मोर मकान-मोर आस योजना के तहत बने इन मकानों को पूर्व में व्यवस्थापन के तहत वितरित किए जाने की पात्रता निर्धारित की गई थी। लेकिन बाद में किराएदारों को भी मकान लेने की छूट दी गई हे। साथ ही इसकी खरीदी के लिए किस्त सुविधा दी गई हैं। जिसमें आबंटन के दौरान तीस फीसदी राशि जमा करनी होगी। वही एक से तीन माह में पन्द्रह-पन्द्रह फीसदी, वही माह से सात और नवे माह तक दस-दस प्रतिशत व आधिपत्य के दौरान दस फीसदी राशि देने की सुविधा हैं। बहरहाल यहां के मकान अब तक नही बिके हैं।

### निर्देश मिले

पीएम आवास निर्धारित समय पर पूरा करने वाले हितग्राहियों को प्रोत्साहन राशि देने का प्रावधान किया गया है। उनके खाते में गृह प्रवेश बाद राशि जमा की जाएगी। **-सुमीत अग्रवाल,** आयुक्त ननि दुर्ग

# परीक्षा के एक माह बाद भी नहीं मिली अंकसूची



हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

केंद्रीय कृत परीक्षा कक्षा 5वीं व 8वीं का मार्कशीट पूरे 1 महीने बाद जारी किया गया। वैसे तो 30 अप्रेल को

■ शिक्षा विभाग की बड़ी लापरवाही आई सामने

अंकसूची जारी हो जाना था। लेकिन आज भी बार बार शाला से त्रुटि सुधार करवाने के बावजूद आज भी त्रुटि पुर्ण अंकसूची वितरण किया गया है। शिक्षा विभाग की बडी लापरवाही सामने आ रही हैं।

जिसमे शाला का नाम में गलती, अलग अलग यूडाइज कोड और अलग शाला, हिंदी और अंग्रेजी माध्यम के शाला की अंकसूची में माध्यम गलत होना, बच्चों के नाम पिता का नाम मे गलती, कोई कोई मार्कशीट पुर्ण रूप से कोरा कागज है। हिंदी देवनागरी लिपि के जगह त्रुटिपूर्ण आकृति को प्रिंट किया गया है। बहुत सारे स्कूल के विद्यार्थियों का अंकसूची अप्राप्त है। इससे शिक्षा विभाग की घोर लापरवाही पूरक कार्य परिलक्षित हो रहा है। संकुल समन्वयक को बार-बार परेशान कर फर्द सुधार करवाया गया। उसके बाद भी आज सही रिजल्ट प्रस्तुत नही किया जा सका। इस पर परीक्षा विभाग के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों पर कार्यवाही होनी चाहिए।

### पूरक परीक्षा को लेकर बना संशय

विदित हो कि, राज्य शासन के आदेशानुसार 30 अप्रैल तक परिणाम घोषित करते हुए पूरक आये हुए बच्चो का क्लास लगा कर 1 जून तक परीक्षा लेना था। किंतु दुर्ग जिला शिक्षा विभाग की दुर्ग जिला शिक्षा विभाग के घोर लापरवाही के वजह से अब यह भी सम्भव नही होता दिख रहा है। मई के प्रथम सप्ताह में ही दो बार त्रुटि सुधार का कार्य समस्त संकुलों और स्कूलों के शिक्षको द्वारा किया जा चुका है। इसके बावजूद त्रुटि सुधार कार्य कार्यालय द्वारा नही किया गया।

# नगर निगम में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओं का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

नगर पालिक निगम द्वारा पुण्यश्लोक रानी अहिल्याबाई होल्कर की 300वीं जयंती पर महिला सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। सांसद विजय बघेल ने कहा कि,

■ अहिल्याबाई के जीवन पराक्रम पर प्रकाश डाला

मंच पर महिलाओं का सम्मान एक प्रतीक है। असल में हम सभी मातृशक्ति का सम्मान करते है। उन्होंने अहिल्या बाई होलकर द्वारा किए कार्यो को अनुकरणीय कहा,नारी का सम्मान हर दिन हो। विधायक गजेंद्र यादव ने कहा महारानी अहिल्याबाई के जीवन काल पर प्रकाश डाला गया और धर्म जागरण, सामाजिक सुधार, लोककल्याणकारी कार्यो की सराहना की गई।उन्होंने ये भी कहा



कार्यक्रम आयोजन का मुख्य उद्देश्य महारानी अहिल्याबाई के आदर्शों को जनता तक पहुंचाना और उनके पदचिन्हों पर चलने की प्रेरणा देना। कार्यक्रम में एमआईसी देवनारायण चन्द्राकर, शेखर चन्द्राकर, लीना देवांगन, ज्ञानेश्वर ताम्रकर, मनीष साहू, नीलेश अग्रवाल, लीलाघर पाल, काशीराम कोसरे, शशि साहू सहित शहर भाजपा मंडल अध्यक्ष, जिला महिला मोर्चा अध्यक्ष दिव्या कालिहारी,माया बेलचंदन समेत कई गणमान्य व्यक्ति, भाजपा पदाधिकारी, स्वा सहायता समूह निगम अधिकारी, कर्मचारी उपस्थित रहे। सम्मान कार्यक्रम में शामिल हुए। स्वच्छता दीदी और शहर क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिलाओ का शाल, श्रीफल मोमेंटो एवं प्रशस्ति पत्र से सम्मानित सांसद विजय बघेल, विधायक गजेंद्र यादव, ललित चन्द्राकर, महापौर अलका बाघमार, सभापति श्याम शर्मा, जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक द्वारा किया। कार्यक्रम में पीएम आवास बीएलसी घटक के तहत पात्र 15 हितग्राहियो को भी स्वीकृति पत्र प्रदान किया गया।


## पर्यावरण दिवस पर पोस्टर प्रतियोगिता का होगा आयोजन

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर 5 जून 2025 को पर्यावरण दिवस पर भव्य कार्यक्रम को लेकर महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल एवं पर्यावरण प्रभारी काशीराम कोसरे ने पांच जून को पर्यावरण दिवस की तैयारियों को लेकर अधिकारियों के साथ बैठक ली। पर्यावरण दिवस निगम द्वारा प्लास्टिक प्रदूषण, दुष्प्रभाव एवं समाधान" विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। प्रतियोगिता का उद्देश्य प्लास्टिक प्रदूषण के प्रति जनजागरूकता बढ़ाना और रचनात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से समाधान सुझाना है। इसमें मिडिल स्कूल के बच्चे प्रतिभागियों की भागीदारी सुनिश्चित की गई है,प्रतियोगिता की समय सीमा 1 घंटा 30 मिनट होगी। प्रत्येक वर्ग के लिए अलग-अलग पुरस्कार रखे गए हैं।यह प्रतियोगिता नगर निगम परिसर सभागार हॉल में सुबह 8 बजे से शुरू होगी।

■ 5 जून को जीतने वालों को मिलेंगे पुरस्कार

# विकसित कृषि संकल्प अभियान 12 जून तक चलेगा

दुर्ग। छ.ग. राज्य बीज एवं कृषि विकास निगम लिमिटेड रायपुर के अध्यक्ष श्री चंद्रहास चन्द्राकर ने 31 मई 2025 को बीज प्रक्रिया केन्द्र रुआबांधा जिला-दुर्ग में आयोजित कृषक संगोष्ठी कार्यक्रम में शिरकत किया। इस कार्यक्रम में जिले के लगभग 60 बीज उत्पादक कृषक विभिन्न ग्रामों से शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित कृषकों द्वारा अपने बीज उत्पादन कार्यक्रम के बेहतर तरीके से संपादन हेतु अपने विचार रखे गए। कृषक श्री दीपक चंद्राकर ग्राम औरी तथा पुरानिक साहू ग्राम रीवागहन द्वारा अपने उन्नत कृषि गतिविधियों सहित बीज उत्पादन कार्यक्रम लाभकारी संबंधी अपने अनुभव साझा किया गया। इस अवसर पर महासमुंद के प्रगतिशील कृषक शंकरलाल चंद्राकर एवं ग्राम उरला के कृषक शंकरदास सोंधी द्वारा भी अपने उद्बोधन में कहा गया कि छ.ग. राज्य हेतु अनुशंसित फसलों के पुराने किस्म आज भी अधिक उत्पादन दे रहे हैं तथा कृषकों के बीज इन्हीं के समतुल्य नई किस्मों को भी कृषक भाइयों को अपनाना चाहिए। अध्यक्ष श्री चन्द्राकर ने अपने उद्बोधन में विभिन्न जिलों में स्थित बीज निगम के भ्रमण के दौरान कृषकों द्वारा इनके समक्ष रखी गई बिन्दुओं से उपस्थित कृषकों को अवगत कराया गया तथा आश्वासन दिया गया कि शीघ्र ही बीज निगम के उत्पादक कृषकों हेतु उत्पादन अनुदान, प्रोत्साहन राशि तथा परिवहन अनुदान के दिशा में सार्थक कार्य किया जाएगा।




## कलेक्टर ने यातायात सुरक्षा समिति की ली बैठक

# नियमों का पालन नहीं, निलंबित होगा लाइसेंस

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

जिले में यातायात नियमों के प्रभावी क्रियान्वयन और सड़क दुर्घटनाओं पर रोकथाम हेतु आवश्यक व्यवस्था के संबंध में आज कलेक्टोरेट सभा कक्ष में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने कहा कि यायायात नियमों का पालन नही करने वालों चालको को लाइसेंस निरस्त किया जाए।

कलेक्टर अभिजीत सिंह की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक विजय अग्रवाल भी शामिल हुए। कलेक्टर ने कहा जिले में यातायात नियमों का कड़ाई से पालन कराने सहित सड़क दुर्घटनाओं को रोकने, प्रभावी उपाय किया जाए। उन्होंने कहा कि मुख्य सड़क मार्ग से मिलने वाली ग्रामीण सड़कों पर स्पीड ब्रेकर बनायी जाए। पीडब्ल्यूडी, पीएमजीएसवाई एवं सीएमजीएसवाई के अधिकारियों को संबंधित सड़कों पर स्पीड ब्रेकर निर्माण उपरान्त इस संबंध में प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। सड़कों पर मवेशियों के कारण होने वाली दुर्घटनाओं की रोकथाम के लिए मवेशी मालिकों को चिन्हांकित कर उन्हें खुले में मवेशी नहीं छोड़ने की समझाईश दी जाए। सड़कों पर मवेशी पाये जाने पर मालिकों के विरूद्ध कड़ी कार्यवाही की जाएगी। कलेक्टर श्री सिंह ने कहा कि यातायात नियमों का पालन नहीं करने वाले वाहन चालकों का लायसेंस निलंबित किया जाए।

■ कलेक्टर ने बैठक में दिए निर्देश



### ब्लैक स्पॉट सुधारने के निर्देश

उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग व अन्य सड़कों पर चिन्हांकित ब्लैक स्पॉट्स पर सुधारात्मक कार्य की जानकारी ली। साथ ही जल्द पूरा करने के निर्देश दिये। कलेक्टर ने जिले के ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में यातायात जागरूकता बढ़ाने तथा नियमों का कड़ाई से पालन कराने के निर्देश दिये हैं। दुर्घटना से बचने के लिए दुपहियां वाहन चालकों को अनिवार्य रूप से हेलमेट लगाने व कार चालकों को शीट बेल्ट लगाने अवगत करायी जाए।

### बैठक में मिले सुझावों पर किया गया विचार विमर्श

बैठक में जिले की सड़कों में यातायात सुरक्षा को और पुख्ता करने के लिए विभिन्न सुझावों पर विचार विमर्श कर कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिये गये। कलेक्टर ने जिले में घटित हिट एण्ड रन सड़क दुर्घटना के प्रकरण भी बैठक के एजेण्डा में शामिल करने पर जोर दिया। ताकि पीड़ति, गंभीर, घायल, मृतक के कानूनी प्रतिनिधि की मुआवजा राशि हेतु दावा निपटान प्रक्रियाओं को शीघ्र निपटायी जा सकें। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने जिले के संभावित दुर्घटना क्षेत्रों को चिन्हांकित कर सड़क सुरक्षा की दृष्टि से व्यापक इंतजाम करने के निर्देश दिये। उन्होंने सड़क दुर्घटना पर रोक लगाने हेतु राष्ट्रीय राजमार्ग को सहायक सड़कों से जोड़ने वाले पॉइंट पर गति अवरोधक रम्बल्ड स्ट्रिप बनाने को कहा।

# SHAKUNTALA GROUP OF SCHOOLS

Ram Nagar || Risali Sector || Vaishali Nagar

School Innovation Council | FIT INDIA | MCB MY CLASSBOARD

**कम व्यय सर्वोत्तम शिक्षा** **2025-26** **Congratulations**

## 1. SHAKUNTALA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RAM NAGAR, BHILAI



## 2. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CBSE, RISALI SECTOR, BHILAI




## 3. SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2

Affiliated to CGBSE, Ram Nagar, Bhilai

ENGLISH & HINDI MED. HR, SEC, SCHOOL ( IX TO XII )

## 4. SHARDA VIDYALAYA

Affiliated to CGBSE, Vaishali Nagar, Bhilai

ENGLISH MEDIUM SCHOOL ( KG-1 TO VIII )

## 5. Shakuntala Devi Sangeet Nritya Evam Kala Kendra

Affiliated to IKSVV, Khairagarh

- ★Singing
- ★Tabla
- ★Geetanjali
- ★Kathak
- ★Bharatanatyam
- ★Chitrakala

FROM CLASS 5 ONWARDS

TIMING 05:00 PM TO 07:00 PM



Office: Shakuntala Vidyalaya Parishar, Ram Nagar, Bhilai

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

- ARPIT SAHU 96.6%
- SRIJAN DEWANGAN 95.2%
- ADITI MISHRA 94.4%
- ROSHAN CHOUDHARY 93.8%
- PAKHI MAHESHWARI 93.2%
- VIDYA SAO 91.4%
- MUSKAN SAO 90.8%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

- MAYANK KUMAR OJHA 97.6%
- SHWETA SINGH 95.4%
- SABIYA PARVEEN 95%
- AMRITA SAO 94%
- AACHAL KUMARI SAO 93.8%
- RAJVEER SAO 93.4%
- TEJESHWI PRASAD SINHA 92.8%
- ANURAG SAHU 92.6%
- SIDDHI BAGHEL 92.6%
- SHUBHAM KUMAR SAO 92.4%
- KAANCHAN MALA SANDEY 92.4%
- P POOJITA 92.2%
- ADARSH KUMAR SINGH 92%
- AYUSH NAGVANSHI 91.6%
- CHIEF HAVGE 90.8%
- PANKHURI SINGH 90.2%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 12TH TOPPERS

- YOGITA 97%
- RIYA KURREY 92.6%
- TAHZEEB RAZVIYA 90.6%
- AYESHA IQBAL ANSARI 90.2%
- PIYUSH VERMA 89.8%
- VIDHI VISHWAKARMA 89.6%
- RITESH DEWANGAN 89.4%

### SHARDA VIDYALAYA CLASS 10TH TOPPERS

- SHOURYA KUMAR SAHU 97.6%
- ANKIT DEWANGAN 97.2%
- SAZINA NAWAZ 96.8%
- ASHMIKI DWIVEDI 95%
- SAMRIDHI SHARMA 94.6%
- TEJAS SAHU 93.6%
- BHAVYA DEWANGAN 93%
- SHREYA MAHAPATRA 92.8%
- ANISH KUMAR DEWANGAN 92.8%
- SAMEER PATEL 92%
- SHIVANGI VISHWAKARMA 91.8%
- PRACHI JALKSHATRIYA 91.6%
- DIVYANSH SINGH 91%
- DRISHTI DEWANGAN 90.6%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO. 2 CLASS 12TH TOPPERS

- NIDHI PATEL 92%
- GARGI CHANDRAKAR 91.6%
- NAMRATA PATEL 91.4%
- JAYA SINHA 89.6%
- KAMALDAS MANIKPURI 89.4%
- SANIYA SAO 89.2%

### SHAKUNTALA VIDYALAYA NO.2 CLASS 10TH TOPPERS

- YOGENDRA KUMAR JANGHEL 95%
- HARSHITA BHASKAR 92.8%
- TANISHA NAG 92.3%
- MAHI BANJARA 91.8%
- PRIYA PAL 91.3%
- THANSING VERMA 90.6%

### SCHOOL FACILITIES


1. Scholarship of more than Rs. 20 Lakhs to meritorious students
2. Selection of students in various competitions like JEE, NEET etc
3. Smart classes with CCTV monitored classrooms in all school premises
4. Seperate Hostel facilities for boys and girls
5. Science, Commerce, Humanities (Arts) streams available
6. Advanced Science Lab., Computer Lab. & Library
7. State of the art AV room & Music room
8. 24x7 Power Supply Via Genset
9. Air Conditioned auditorium

Deepak Advertisers

## 6. SHAKUNTALA GURUKUL (Hostel)

Home away from Home... घर से दूर.. एक घर ॥

Ram Nagar Bhilai



**Hostel Room**-Air condition for boys and girls seperate
**Mess**-Tea, Breakfast, Lunch, evening snacks, Dinner, Milk & egg
**Coaching**-School Coaching (Free of Cost) Distance Coaching (payable) with Transportation facility
**Library**-Evening Time
**Entertainment**-Movies-Auditorium (Hall) Air conditioned
**Outing**- Twice in a month, Canteen (Tuck Shop)
**Birthday Celebration**-Separate Facility for Boys and Girls
**Geyser facility** (in winter season)
**24X7 Electricity available through generator**
**Laundry facility available, Medical facility available**

| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
|---|---|---|---|---|---|
| 0788 4033217 | 0788 2265810 | 0788-2295357 | 0788-4033623 | 8770401823 | 8839982041 |